# 'राहुल गांधी हाइड्रोजन बम फोड़ेंगे तो हम देखेंगे और क्या कर सकते हैं'

## बोले सपा प्रमुख अखिलेश यादव

राष्ट्रबाण

**लखनऊ.** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव बुधवार को कई मुद्दों पर बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा. मुरादाबाद में सपा कार्यालय का आवंटन निरस्त करने पर अखिलेश यादव ने कहा कि आज हमारी पार्टी का कार्यालय गिरा रहे हैं. बीजेपी ने जो अपने स्मारक कब्ज़ा करके बनाया है तो जब सरकार आएगी तो वही बुलडोज़र जिससे सपा का कार्यालय गिराया है. वही बुलडोज़र खोज कर बीजेपी के कब्जे वाले स्मारक और क़ब्ज़े की जगह गिराएंगे. इसमें हमें कोई कन्फ्यूजन नहीं है.

**राहुल गांधी के हाइड्रोजन बम से जुड़े सवाल पर दिया यह बयान**:पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने राहुल गांधी से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि राहुल गांधी हाइड्रोजन बम फोड़ेंगे तो हम देखेंगे और क्या कर सकते हैं. दरअसल राहुल गांधी कुछ समय पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि वह हाइड्रोजन बम फोड़ेंगे. इससे सरकार हिल जाएगी.



### बीजेपी पर साधा जमकर निशाना

बीजेपी पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग झूठे लोग हैं. देश, समाज और भाईचारा बचाना है तो भाजपा हटाओ.सपा नेता ने कहा कि गांधी के देश में गांधी के लोगों की कोई सुनवाई नहीं है. गांधी आश्रम के लोगों ने कुछ शिकायतें की हैं. भाजपा के लोग मूल्यवान जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं. अयोध्या और वाराणसी के बाद अब गोरखपुर में जमीन घोटाला चल रहा है. अन्याय और उत्पीड़न का घोटाला भी जारी है.उन्होंने कहा कि देश की बर्बादी का हर वह व्यक्ति जिम्मेदार है जिसे लगता है कि शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार से ज्यादा महत्वपूर्ण धार्मिक मुद्दे हैं, आज हम इस कोट के साथ पेरियार जी को याद करते हैं.

### बेरोजगारी का उठाया मुद्दा

सपा प्रमुख ने कहा कि प्रदेश में बहुत बेरोजगारी है. जिनके पास नौकरी है उन्हें TET में फंसा रहे हैं. लखनऊ में प्लासियो मॉल हमारी सरकार ने बनाया था. बीजेपी सरकार ने बेच दिया. हमारी सरकार आएगी तो इसकी जांच कराएंगे. उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गैंबलिंग रोकने से क्या होगा? सरकार ऑन ग्राउंड गैंबलिंग रोक नही पा रही है. गोकशी कराने वाले बीजेपी के लोग हैं.

## अखिलेश यादव एक कंफ्यूज लीडर

राष्ट्रबाण

**चंदौली.**अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला है. इसके साथ ही स्वामी प्रसाद मौर्य ने योगी सरकार पर भी निशाना साधा है. 'संविधान सम्मान व जनहित हुंकार यात्रा' लेकर चंदौली पहुंचे मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एक कंफ्यूज लीडर हैं.

पीडीए की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वयं कंफ्यूज हो, उसके बारे में क्या कहें.



मौर्य ने योगी सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के गुंडाराज और योगी सरकार के गुंडाराज में कोई अंतर नहीं है. समाजवादी पार्टी की सरकार में भी जनता की पिटाई होती थी, जनता लूटी जाती थी और खेत खलिहान पर कब्जा किया जाता था और आज भी वही आलम है. इसलिए उत्तर प्रदेश के लिए सपा और भाजपा कोई विकल्प नहीं है.

# माली में फ्यूल ट्रकों पर हमला कर रहे हैं आतंकी?

## दर्जनों ट्रक फूंके, अल-कायदा से है खास कनेक्शन

राष्ट्रबाण

**डकार.** माली की राजधानी बामाको में अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन जमात नुसरत अल-इस्लाम वाल-मुस्लिमीन यानी कि JNIM के आतंकी पिछले कुछ दिनों से ट्रकों पर हमले कर रहे हैं. दरअसल, JNIM के ये आतंकी मुल्क में फ्यूल यानी कि ईंधन की सप्लाई को रोकने के लिए इन ट्रकों को निशाना बना रहे हैं. माली के नेशनल काउंसिल ऑफ एम्प्लॉयर्स के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पिछले कुछ दिनों में आतंकियों ने करीब 100 ईंधन ट्रकों को आग के हवाले कर दिया, जिससे मुल्क की नाजुक अर्थव्यवस्था पर गहरा खतरा मंडरा रहा है.

**हालात सुधरने का इंतजार कर रहे ट्रक ड्राइवर:**माली के प्रधानमंत्री मेजर जनरल अब्दुलाये माइगा ने सोशल मीडिया पर एक बयान में इस घटना को 'दुखद' बताया. बता दें कि माली की अर्थव्यवस्था काफी हद तक आयातित ईंधन पर निर्भर है.



### आग की लपटों में घिरे दिखे कई फ्यूल ट्रक

JNIM ने 2 हफ्ते पहले माली में पड़ोसी देशों से ईंधन आयात पर पाबंदी लगा दी थी. आतंकियों ने चेतावनी दी थी कि उनकी बात न मानने वाले ट्रक ड्राइवरों को निशाना बनाया जाएगा. इसके बाद, बीते 2 हफ्तों में माली के कायेस शहर के पास, जो सेनेगल की सीमा के करीब है, आतंकियों ने ईंधन ट्रकों पर हमले किए और उन्हें जला दिया. एक वायरल वीडियो में सड़क किनारे कई फ्यूल टैंकरों को आग की लपटों में घिरा हुआ देखा गया. माली की सेना ने पुष्टि की कि बामाको की ओर जा रहे ईंधन ट्रकों की सुरक्षा के लिए तैनात उनके जवानों पर 'आतंकी हमला' हुआ.

# DUSU चुनाव की वोटिंग आज

## क्या टूटेगा 17 साल पुराना रिकॉर्ड?

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव में इस बार 9 प्रत्याशी अध्यक्ष पद की रेस में हैं. इस बार 2 प्रमुख संगठनों ने महिला उम्मीदवारों पर दांव लगाया है. कुल मिलाकर 3 महिला प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए मैदान में होंगी. ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि एक बार फिर 17 साल पुराना रिकॉर्ड इस बार टूट सकता है. क्योंकि इससे पहले 2008 में नूपुर शर्मा अध्यक्ष बनीं थीं. गुरुवार सुबह वोट डाले जाएंगे. इसको लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है. 19 सितंबर को चुनाव परिणाम भी आ जाएंगे.

सभी संगठनों ने जी-जान लगाकर अपने प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार किया है. वहां इंडिपेंडेंट उम्मीदवारों ने भी काफी मेहनत की है. वहीं महिला उम्मीदवारों पर भी दांव लगा हुआ है. अगर यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्रा डूसू चुनाव में किसी महिला प्रत्याशी पर भरोसा जताते हैं तो इस बार का परिणाम बड़े उलट-फेर वाला सबित हो सकता है.

**सुबह 8.30 से डाले जाएंगे वोट:**18 सितंबर को सुबह 8.30 से दोपहर 1 बजे तक और शाम 3 बजे से 7.30 बजे तक वोट डाले जाएंगे. इसको लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.



### अध्यक्ष पद के लिए 9 उम्मीदवार मैदान में

इस बार दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद से 9 उम्मीदवार मैदान में हैं. उम्मीदवारों में अंजलि, अनुज कुमार, आर्यन मान, दिव्यांशु सिंह यादव, जोसलीन नंदिता चौधरी, राहुल कुमार, उमांशी, योगेश मीना और अभिषेक कुमार के नाम शामिल हैं.

# 27 तक बढ़ी गगनप्रीत की न्यायिक हिरासत

## वकील ने कहा- बस और एंबुलेंस भी हैं दोषी

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** दिल्ली के बहुचर्चित बीएमडब्ल्यू हादसे में गिरफ्तार आरोपी गगनप्रीत कौर (38) की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. बुधवार को पटियाला हाउस कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान उसकी न्यायिक हिरासत 27 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है. कोर्ट ने गगनप्रीत की उस याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया, जिसमें हादसे वाली जगह की सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित करने की मांग की गई है. इसके साथ हुई उसकी जमानत याचिका पर अब 20 सितंबर को सुनवाई होगी.

कोर्ट में हुई सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों ने जोरदार दलीलें पेश की हैं. गगनप्रीत के वकील ने रमेश गुप्ता ने कहा कि इस पूरे मामले को पुलिस ने जानबूझकर गैर इरादतन हत्या के मामले में बदल दिया है. इसे बीएनएस की धारा 304 के तहत डाला गया है, जिसकी सजा उम्रकैद तक है. लेकिन ये मामला बीएनएस की धारा 304ए का बनता है. उन्होंने यह भी कहा कि हादसे के समय मृतक की बाइक डीटीसी बस से भी टकराई थी. उसके ड्राइवर को भी पकड़ना चाहिए.गगनप्रीत के वकील ने कहा कि हादसे के बाद वहां से गुजर रही एक एंबुलेंस ने घायलों और मृतक को अस्पताल ले जाने से मना कर दिया. उसके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए. उसे भी इस मामले में बराबर का आरोपी बनाया जाना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि इस हादसे में आरोपी के अपने पति और बच्चे भी घायल हुए थे. इसके बाद भी गगनप्रीत ने सबसे पहले पीड़ित पति-पत्नी को अस्पताल पहुंचाया. यह एक दुखद लेकिन सामान्य सड़क हादास है. उन्होंने दिल्ली पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से इस केस को गंभीर बनाने की कोशिश की जा रही है. पुलिस ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि आरोपी गगनप्रीत उतनी घायल नहीं थी, जितना दावा किया जा रहा है. पुलिस का कहना है कि गगनप्रीत ने घायल नवजोत सिंह को बहुत दूर के अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि नियम है कि पास के अस्पताल में ले जाया जाए. पुलिस ने कोर्ट को बताया कि वैन चालक ने अपने बयान में भी यही कहा है. पुलिस ने कोर्ट में यह भी कहा कि मृतक नवजोत सिंह की पत्नी संदीप कौर गगनप्रीत से बार-बार कह रही थी कि उनको नजदीकी अस्पताल ले जाया जाए, लेकिन आरोपी ने उनकी बात नहीं सुनी. वो उस अस्पताल में लेकर गई, जहां के लोगों को पहले से जानती थी. पीड़ित परिवार के वकील ने कहा कि घटनास्थल के सामने ही आर्मी हॉस्पिटल था.



इसके बाद कोर्ट ने उसे दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था. उसके खिलाफ पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है. गगनप्रीत के खिलाफ पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 304, धारा 281, 125बी, 105 और 238 के तहत केस दर्ज किया है. इस हादसे में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में डिप्टी सेक्रेटरी नवजोत सिंह (52) की मौत हो गई थी, जबकि उनकी पत्नी संदीप कौर गंभीर रूप से घायल हैं. इस पूरे मामले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं. हादसे के वक्त गाड़ी की तेज रफ्तार, बस और एंबुलेंस की भूमिका, इन सबकी बहुत विस्तार से जांच की जरूरत है.

## फास्ट ट्रैक

### सांसद ने साबुन-शैंपू से गांव के बच्चों को रगड़-रगड़कर नहलाया

राष्ट्रबाण

**रीवा.**मध्य प्रदेश के रीवा से एक अनोखी तस्वीर सामने आई है. जहां सांसद जनार्दन मिश्रा बच्चों को नहलाते, उनके नाखून काटते और कपड़े धोते दिखाई दिए. सांसद का यह अलग अंदाज़ अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. जिले में 'सेवा पखवाड़ा' के तहत बड़ागांव पंचायत पहुंचे सांसद जनार्दन मिश्रा ने गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों को साफ-सफाई का महत्व समझाने का अनोखा तरीका अपनाया. उन्होंने बच्चों को खुद नहलाया, धुलाया, उनके कपड़े धोए और नाखून भी काटे. सांसद गांव में गए तो देखा कि शिवा मुसहर, परदेशी मुसहर, परी मुसहर और शिवम धूल मिट्टी से सने थे. उनके कपड़े काफी गंदे और मैले थे.

# इटली की PM जॉर्जिया मेलोनी ने PM मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

## कहा- उनकी क्षमता प्रेरणा का स्रोत है

राष्ट्रबाण

**रोम.** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी है. मेलोनी ने अपने एक्स हैंडल पर पीएम मोदी के साथ एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं. उनकी शक्ति, उनका दृढ़ संकल्प और लाखों लोगों का नेतृत्व करने की उनकी क्षमता प्रेरणा का स्रोत है. मित्रता और सम्मान के साथ, मैं उनके स्वास्थ्य और ऊर्जा की कामना करती हूं ताकि वे भारत को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकें और हमारे राष्ट्रों के बीच संबंधों को और मज़बूत कर सकें.

**ट्रंप भी दे चुके हैं बधाई :**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी पीएम मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी थी. ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा, मैंने अपने दोस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर अच्छी बातचीत की. मैंने उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं. वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं. नरेंद्र, रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने में आपके समर्थन के लिए शुक्रिया!- प्रेसिडेंट डीजेटी. ट्रंप ने अपने शुरुआती अक्षरों (Donald John Trump) के साथ इस पोस्ट को साइन किया, जो इस बातचीत के निजी और दोस्ताना लहजे को दर्शाता है.



### वैश्विक नेता हैं PM मोदी

पीएम मोदी की छवि एक वैश्विक नेता के तौर पर स्थापित हो चुकी है. उनकी विदेश नीति की वजह से भारत के तमाम देशों से रिश्ते मजबूत हुए हैं. फिर चाहें वो रूस, चीन, अमेरिका जैसी महाशक्तियां ही क्यों ना हों, पीएम मोदी की नीति का सभी लोग लोहा मानते हैं.

# 'युद्ध खत्म करने के लिए राजी'

## ट्रंप ने कहा तो नरम पड़ गया रूस

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त न करा पाने से परेशान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस को चोट पहुंचाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं. इसी हफ्ते की शुरुआत में उन्होंने रूस के खिलाफ अतिरिक्त प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी और यूरोपीय देशों से रूसी तेल न खरीदने का आग्रह किया था. ट्रंप की नई चेतावनी के बाद रूस का जवाब आया है. रूस ने अपने रुख में नरमी लाते हुए बुधवार को कहा कि रूस यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को कूटनीतिक माध्यम से सुलझाने से लिए तैयार है.

समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बुधवार को कहा, रूस यूक्रेन में संघर्ष को डिप्लोमैटिक तरीके से सुलझाने के लिए तैयार है. पेस्कोव से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की रूस के खिलाफ अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने की चेतावनी और यूरोपीय संघ से रूसी तेल खरीदना बंद करने के आह्वान पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी जिसके जवाब में उन्होंने यह टिप्पणी की.

ट्रंप ने क्या कहा कि नरम पड़ा रूस? राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को कहा कि युद्ध के बावजूद यूरोपीय संघ रूस से तेल खरीद रहा है और यह खरीद बंद होनी चाहिए. पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ शांति समझौता करना होगा.



### रूस के अहम सहयोगियों, भारत-चीन पर ट्रंप की सख्ती

ट्रंप ने इससे पहले रूसी तेल के खरीददार भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है. भारत ने इस टैरिफ को अनुचित बताते हुए कहा था, किसी भी प्रमुख अर्थव्यवस्था की तरह, भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा.ट्रंप ने अपने नाटो सहयोगियों से चीन पर भी 50 से 100 प्रतिशत की दर से शुल्क लगाने का आग्रह किया. भारत की तरह चीन पर भी रूस को व्यापार के जरिए वित्तीय मदद करने का आरोप लगा है.चीन ने अप्रत्यक्ष रूप से इसका जवाब दिया है. चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा, 'चीन जटिल मुद्दों को हल करने के लिए शांति वार्ता को बढ़ावा देने की खातिर प्रतिबद्ध है.

# ट्रंप की ब्रिटेन यात्रा से पहले सुरक्षा में हुई बड़ी चूक

## विंडसर कैसल के पास दो संदिग्ध गिरफ्तार

राष्ट्रबाण

**लंदन.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ब्रिटेन की राजकीय यात्रा पर पहुंच चुके हैं. हालांकि, उनकी यात्रा से पहले ही सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है. दरअसल, विंडसर कैसल के पास ड्रोन उड़ाने के आरोप में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है. संदिग्धों को ट्रंप की राजकीय यात्रा के लिए लागू हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा गया है. आइए जानते हैं इस पूरी घटना के बारे में.

**ब्रिटेन पहुंचे डोनाल्ड ट्रंप:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राजकीय यात्रा पर ब्रिटेन पहुंच गए हैं. आपको बता दें कि ये उनकी दूसरी राजकीय यात्रा है. ट्रंप के इस दौरे में शाही शान-शौकत, व्यापार वार्ता और अंतर्राष्ट्रीय राजनीति को लेकर कई अहम चीजें देखने को मिल सकती हैं. ट्रंप ने कहा है कि ब्रिटेन के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे हैं.



### किंग चार्ल्स विंडसर कैसल में मौजूद थे

ट्रंप की यात्रा से पहले विंडसर कैसल के पास ड्रोन उड़ाने की ये घटना मंगलवार को हुई है. इस गिरफ्तारी को लेकर थेम्स वैली पुलिस ने बताया है कि ट्रंप के आगमन से पहले लागू कड़ी सुरक्षा योजना के तहत 37 साल के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने दोनों संदिग्धों को विंडसर कैसल के पास में एक बड़े क्षेत्र में लागू अस्थायी प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए ड्रोन उड़ाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को देर रात किंग चार्ल्स विंडसर कैसल में मौजूद थे.

# इजरायल के लिए जासूसी करता था शख्स?

## ईरान ने दी सजा-ए-मौत, होश उड़ा देगा येह मामला

राष्ट्रबाण

**दुबई.** ईरान ने बुधवार को इजरायल के लिए जासूसी करने के आरोप में एक व्यक्ति को सजा-ए-मौत दे दी. हालांकि, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस शख्स को टॉर्चर करके उससे जबरन झूठा इकबालिया बयान लिया गया. ईरान की ज्यूडिशियरी की न्यूज एजेंसी मिजान ने मृतक की पहचान बाबक शाहबाजी के रूप में की. एजेंसी का दावा है कि बाबक ने ईरान के डेटा सेंटर्स और सुरक्षा ठिकानों की संवेदनशील जानकारी इकट्ठा की और उसे इजरायली एजेंट्स को बेच दिया.

**ईरान ह्यूमन राइट्स ने पहले ही दी थी चेतावनी:**एक्टिविस्ट्स ने ईरान के इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि बाबक को केवल इसलिए हिरासत में लिया गया क्योंकि उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की को एक खत लिखा था, जिसमें उन्होंने यूक्रेन की मदद करने की पेशकश की थी.




### बाबक ने यूक्रेन के लिए लड़ने की इच्छा जताई थी

ईरान ह्यूमन राइट्स का कहना है, बक का जेलेंस्की को लिखा गया खत, जिसमें उन्होंने रूस के खिलाफ जंग में मदद की बात कही थी, उसे इजरायल के लिए जासूसी के सबूत के तौर पर पेश किया गया. ईरान ने दावा किया कि इजरायल ने बाबक को माइक्रोसॉफ्ट वर्ड इस्तेमाल करना सिखाया. ईरान ने इस दावे पर कोई जवाब नहीं दिया. एक्टिविस्ट्स के मुताबिक, बाबक ने यूक्रेन के लिए लड़ने की इच्छा जताई थी. ईरान ने यह नहीं बताया कि बाबक को सजा-ए-मौत कैसे दी गई, लेकिन आमतौर पर वहां दोषियों को फांसी दी जाती है.


**कुटनीति** रजिस्टर में एंट्री भी नहीं; भारत के लिए टेंशन?

# बांग्लादेश में गुपचुप तरह से क्या कर रहे अमेरिकी सैनिक

राष्ट्रबाण

**ढाका.**मोहम्मद यूनुस के राज में अमेरिका बांग्लादेश में अपनी पैठ बढ़ा रहा है. हाल ही में अमेरिका सेना और वायुसेना के कई अधिकारी बांग्लादेश के रणनीतिक चटगांव इलाके में पहुंचे हैं. इससे भारत और म्यांमार के लिए टेंशन बढ़ गई है. 'द इकनॉमिक टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका का सी-130J सुपर हरक्यूलिस ट्रांसपोर्ट विमान पिछले दिनों चटगांव के अमानत इंट-रनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा है. यह आमतौर पर जापान में अमेरिकी वायुसेना के योकोटा स्टेशन पर तैनात रहता है. इसमें से 120 अमेरिकी अधिकारी चटगांव के एक होटल में गुपचुप पहुंचे. यहां पर उनके लिए पहले से ही कमरे बुक थे, लेकिन खास बात यह थी कि रजिस्टर में उनके नामों की एंट्री नहीं हुई.

मोहम्मद यूनुस के बांग्लादेश का प्रमुख बनने के बाद से ही अमेरिकी गतिविधियां बांग्लादेश में काफी बढ़ गई हैं. अमेरिका और चीन दोनों ही म्यांमार के विद्रोही ग्रुप्स को अपनी ओर कोशिश करने में लगे हुए हैं. अमेरिकी सेना कई बार चटगांव में रुकी है. इसमें बांग्लादेश और अमेरिका के बीच संयुक्त अभ्यास और टोही यात्राएं तक शामिल हैं. इस साल की शुरुआत में भी दोनों देशों ने चटगांव में ही ऑपरेशन पैसिफिक एंजेल-25 और टाइगर लाइटनिंग-2025 अभ्यास को अंजाम दिया था. अब एक बार फिर से अभ्यास हो रहा है. अमेरिकी सेना से लगभग 120 अधिकारी 10 सितंबर को चटगांव पहुंचे और यहां पर एक होटल में चेक-इन किया. यहां पर उनके लिए लगभग 85 कमरे पहले से ही बुक किए गए थे. इसके बाद अमेरिका के सैनिकों ने एयरपोर्ट से सटे बांग्लादेश वायुसेना के पटेंगा एयरबेस का भी दौरा किया. वहीं, मिस्त्र की वायुसेना का एक ट्रांसपोर्ट विमान भी 14 सितंबर को चटगांव के एयरपोर्ट पर लैंड किया. हालांकि, इस दौरान किसी भी अमेरिकी सैनिक का नाम होटल के रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया, जिससे संदेह पैदा होता है कि आखिर ऐसा क्यों किया गया. दुनिया से कौन सी बात छिपाई जा रही है.



### बांग्लादेश क्यों पहुंची है अमेरिकी सेना?

दरअसल, अमेरिकी सेना के साथ-साथ श्रीलंका की वायुसेना भी बांग्लादेश पहुंची है. यहां पर तीनों देशों की मिलिट्री एक्सरसाइज पैसिफिक एंजेल 25-3 की शुरुआत हुई है. इस अभ्यास के साथ, 15 सितंबर को आपदा प्रतिक्रिया, मानव सहायता और क्षेत्रीय साझेदारी के लिए चार दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण अभ्यास भी किया गया. यह एक अमेरिकी पहल है, जो पिछले एक दशक से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आयोजित की जाती रही है.

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 18 सितंबर 2025

राजधानी राष्ट्रबाण

• बैरसिया • हुजूर • कोलार

# नए साल में भोपाल में दौड़ेगी 100 ई-बसें

## अभी 368 में से 95 बस ही चल रही; कई रूटों पर बंद

भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

राजधानी भोपाल में पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्यवस्था बुरे हाल में है। पिछले एक साल में ढाई सौ से ज्यादा सिटी बसें बंद हो गईं। वर्तमान में 10 से ज्यादा रूटों पर सिटी बसें दौड़ती नजर नहीं आ रही हैं। ऐसे में अब ई-बसों को जल्दी चलाए जाने को लेकर कवायद तेज हो गई है। नगर निगम का दावा है कि नए साल में शहर में 100 ई-बसें दौड़ने लगेंगी। इसके बाद आम लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पीएम ई-बस सेवा के फेस-1 में 100 बसें मिलेंगी। इसके लिए दो नए डिपो संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) और कस्तूरबा नगर में बनाए जा रहे हैं। नए बस ऑपरेटर का चयन भी हो चुका है। वहीं, दूसरे फेस में 95 बसें आएंगी। आरिफ नगर और कोलार रोड पर नए डिपो बनेंगे। इसके ऑपरेटर के चयन समेत अन्य प्रक्रिया बाकी है।

बता दें कि मंगलवार को हुई जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सिटी बसों का मुद्दा भी उठा था। 368 में से सिर्फ 95 सिटी बसें चलने पर सांसद आलोक शर्मा ने भी हैरानी जताई। सांसद शर्मा ने निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण से पूछा था कि किस ऑपरेटर की कितनी बसें चल रही हैं, ये बताएं? इतनी संख्या में बसें क्यों बंद हुईं? जबकि पब्लिक ट्रांसपोर्ट को तो बढ़ाना चाहिए। सांसद की बात से विधायक भगवानदास सबनानी ने भी सहमति जताई थी।



### सांसद बोले-पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम मजबूत हो

इस मामले में सांसद शर्मा ने कहा, भोपाल का पब्लिक ट्रांसपोर्ट मजबूत होना चाहिए। जब मैं भोपाल का महापौर था, तब छात्र-छात्राएं, दिव्यांगजन, महिला, सीनियर सिटीजन, कर्मचारियों को महापौर स्मार्ट पास का फायदा किया था। यदि महापौर स्मार्ट पास बनने फिर से शुरू होंगे तो सबको फायदा मिलेगा।

### अब जानिए, आखिर बसों का संचालन क्यों बंद हुआ?

भोपाल की सड़कों से एक साल में ढाई सौ सिटी बसें गायब होने का मुद्दा विधानसभा में भी उठा है। 25 रूट पर चलने वाली 368 बसों में से अभी सिर्फ 95 बसें ही दौड़ रही हैं। ऐसे में महिला, स्टूडेंट्स और नौकरीपेशा लोगों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। हर रोज करीब 1 लाख लोग परेशान हो रहे हैं। दरअसल, टिकट कलेक्शन पर विवाद, पेनल्टी और हाईकोर्ट में याचिका दायर होने से ऑपरेटर्स ने इन बसों का संचालन बंद कर दिया। इस पर हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने विधानसभा में तारांकित प्रश्न लगाया था।

### पहले बीसीएलएल के जरिए 4 एजेंसी कर रही थीं संचालन

भोपाल में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में सिटी बसों का संचालन बीसीएलएल (भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड) के जरिए 4 एजेंसी कर रही थीं। इनमें मां एसोसिएट्स, एपी मोटर्स, श्री दुर्गांबा और आई-मोबिलिटी एजेंसी शामिल हैं। ये एजेंसियां 25 रूट पर बसें चला रही थीं। इनमें से सबसे पहले पिछले साल 4 जुलाई को मां एसोसिएट्स ने 149 बसों का संचालन बंद किया था। इसकी वजह इन बसों में टिकिट कलेक्शन करने वाली एजेंसी चलो एप की ओर से प्रति किमी दी जाने वाली राशि घटाने की मांग थी। इस मामले में कोई निराकरण नहीं हुआ। ऐसे में इन बसों में रोजाना सफर करने वाले यात्री परेशान हैं। अन्य एजेंसियां भी अपने हाथ पीछे खींचने लगी।

### दोगुनी होनी चाहिए बसों की संख्या

एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, भोपाल में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का मुख्य माध्यम सिटी बसों की संख्या दोगुनी, यानी 800 होनी चाहिए। भविष्य में ई-बसों का संचालन भी होना है, लेकिन उसके उलट भोपाल से बसों की संख्या लगातार कम हो रही है।

# पड़ोसी भी वकील यावर पर लगा चुकी छेड़छाड़ के आरोप

## फर्जी दस्तावेज बनाकर मकान बेचने की कोशिश की, हो सकती है एफआईआर

भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in



भोपाल में नाबालिग से रेप मामले में गिरफ्तार वकील यावर खान लगातार विवादों में घिरा रहा है। ईदगाह हिल्स में पड़ोस में रहने वाली महिला ने भी उसके खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत की थी। हालांकि शाहजहांनाबाद पुलिस ने जांच के बाद शिकायत की नस्ती बना दी थी। वहीं, यावर खान और उसके करीबी केके तिवारी के खिलाफ कमला नगर थाने में कूट रचित दस्तावेज तैयार कर 3900 वर्ग फीट के मकान को बेचने की कोशिश करने की जांच लंबित है। मकान के असल मालिक सुरेश अग्रवाल ने इसकी शिकायत की थी। अग्रवाल का आरोप है कि आरोपी प्रॉपर्टी ब्रोकर बनकर उनसे मिले थे। मकान की जानकारी लेने के बाद फर्जी दस्तावेज तैयार करने के बाद इसे बेचने की तैयारी कर रहे थे। जिसकी सूचना मिलने के बाद मैने कार्रवाई के लिए एडवोकेट यावर खान सहित केके तिवारी व अन्य तीन के खिलाफ शिकायती आवेदन थाना कमला नगर में दिया है। पुलिस आश्वस्त किया है कि जांच के बाद जल्द स्नढ्ढक्रदर्ज की जाएगी।

### यावर के खिलाफ धाराओं में होगा इजाफा

नाबालिग का अपहरण कर रेप करने के आरोप में जेल में बंद वकील यावर खान को अब एक और गंभीर संगठित अपराध के मामले में आरोपी बनाया जा सकता है। पुलिस का कहना है कि जनवरी 2025 में दर्ज संगठित अपराध की एफआईआर में यावर की भूमिका सामने आई है। इसकी जांच जारी है।

### रेप पीड़ित नाबालिग को बेच दिया गया था

20 जनवरी 2023 को एक नाबालिग लापता हुई थी। 23 जनवरी 2025 को उसे अशोक नगर के ईशागढ़ से बरामद किया था। पीड़िता के माता-पिता का निधन हो चुका था। कोर्ट में दिए बयान में उसने बताया कि उसे बेचा गया और देह व्यापार के लिए मजबूर किया गया। इसके बाद पुलिस ने 31 जनवरी 2025 को 31 लोगों के खिलाफ संगठित अपराध की धाराओं में स्नढ्ढक्रदर्ज की। आरोप है कि गिरोह नाबालिगों को बहला-फुसलाकर अपने जाल में फंसाता और सेक्स रैकेट चलाता था। इसमें आशुतोष बाजपेयी, महक यादव, मिथलेश पुरैना, निधि ठाकुर अग्रवाल, शशांक पोद्दार, डिंपी खान, मकबूल अली, अर्जुन पटेल, निशांत मोहाले, मो. नवेद, अंजलि मोहाले, सलमान कुरैशी, महेश धाकड़, कृष्णा धाकड़, शोभा विश्वकर्मा, रितुल कुमार पांडेय, कुलदीप उर्फ कुनाल, योगेश कुमार कुशराम, सुरेंद्र उर्फ सागर चौहान, इंद्र बहादुर सिंह, मोहित, पूजा उर्फ जोया, नितिन पाल, लक्की, देवांश और राज सोलंकी शामिल हैं। पुलिस का दावा है कि यह संगठित अपराध का गंभीर प्रकरण है और सेक्स रैकेट का बड़ा गिरोह सक्रिय है। जांच में यावर खान की भूमिका भी सामने आ रही है। अशोका गार्डन पुलिस ने भी इसी नाबालिग के कोर्ट बयान के आधार पर 26 लोगों के खिलाफ संगठित अपराध का केस दर्ज किया है।

# भोपाल में डंपर और यात्री बस की टक्कर

## हादसे के समय बस में सवार थे 20-25 यात्री, तीन को गंभीर चोट आई

भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

भोपाल के खजूरी सड़क थाना इलाके में 11 मील श्याम पैलेस होटल के सामने बस और डंपर की भिड़ंत हो गई। एक ब्रेकर पर डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगाए थे, इससे पीछे से आ रही बीआर ट्रैवल्स की बस डंपर में पीछे से टकरा गई। हादसे के समय बस में 20-25 यात्री सवार थे। इनमें ड्राइवर-कंडक्टर सहित एक यात्री को गंभीर चोट आई है। तीनों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना आज तड़के सुबह करीब चार बजे की है। सुबह पांच बजे तक 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। खजूरी सड़क थाना पुलिस के जवान और ग्रामीण भी रेस्क्यू में शामिल रहे।

### उज्जैन से नागपुर जाने के लिए रवाना हुई थी बस

पुलिस के मुताबिक बीआर ट्रैवल्स की बस देर रात उज्जैन से नागपुर जाने के लिए रवाना हुई थी। खजूरी सड़क इलाके में जिकजैक ब्रेकर देख एक डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस डंपर से टकरा गई।



### कैबिन में बैठे तीनों लोग गंभीर घायल

इस हादसे में बस के कैबिन में बैठे ड्राइवर प्रकाश पुरोहित निवासी उज्जैन, कंडक्टर किरण पुत्र राधेश्याम सहित यात्री चेतन पुत्र बाबूलाल निवासी बैरसिया को गंभीर चोट आई हैं। एक दर्जन से अधिक यात्रियों को मामूली चोट थीं। सभी को प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट् टी दे दी गई। वहीं, गंभीर घायल तीनों व्यक्तियों का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रकाश और किरण के दोनों पांव फ्रैक्चर हो गए हैं।

### बस और डंपर दोनों के चालकों पर होगी कार्रवाई

टीआई नीरज वर्मा के मुताबिक डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगाया, बिना कॉशनरी कमांड दिए। बस ड्राइवर भी निर्धारित दूरी मैंटेन नहीं कर वाहन चला रहा था। जिससे हादसा हुआ है, लिहाजा दोनों वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# एआईआईएमएस की रिपोर्ट, इंफेक्शन 'मेली ओडोसिस' के 130 से ज्यादा

## लक्षण देखकर समझते हैं टीबी है, गलत इलाज से 10 में से 4 रोगियों की हो रही मौत

भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

एम्स भोपाल ने मेलीओडोसिस नामक गंभीर संक्रामक रोग को लेकर मंगलवार को रिपोर्ट जारी की है। जिसमें कहा गया है कि मध्यप्रदेश में अब तक 130 से ज्यादा मरीज मेलीओडोसिस नामक संक्रमण से ग्रसित पाए गए हैं। यह बैक्टीरिया जनित रोग इतना खतरनाक है कि यदि समय पर सही इलाज न मिले तो मौत हो सकती है। यही कारण है कि इस रोग से पीड़ित हर 10 मरीजों में 4 की मृत्यु हो जाती है। इसके लक्षण टीबी जैसे होने से अधिकतर मामलों में मरीज को गलत इलाज मिलता है। वहीं, समस्या बढ़ने पर जब सही इलाज शुरू होता है तब तक संक्रमण पूरे शरीर में फैल चुका होता है।

### 20 जिलों में आ चुके हैं केस

एम्स ने रिपोर्ट में बताया कि पिछले 6 सालों में मध्यप्रदेश के 20 से अधिक जिलों से 130 से ज्यादा मेलीओडोसिस के मामले सामने आ चुके हैं। विशेषज्ञों ने साफ कहा है कि यह बीमारी अब प्रदेश में स्थानिक (एंडेमिक) रूप ले चुकी है। संस्थान ने डॉक्टरों और आम जनता दोनों से अपील की है कि लंबे समय तक ठीक न होने वाले बुखार और टीबी जैसे लक्षणों को हल्के में न लें।

### 14 नए केस आए सामने

एम्स भोपाल ने 2023 से अब तक चार विशेष प्रशिक्षण आयोजित किए हैं, जिनमें 25 से अधिक सरकारी व निजी संस्थानों के 50+ माइक्रोबायोलॉजिस्ट और चिकित्सक प्रशिक्षित किए गए। इनकी बदौलत हाल ही में 14 नए केस अलग-अलग संस्थानों (जीएमसी भोपाल, बीएमएचआरसी, जेके हॉस्पिटल, सागर व इंदौर) से रिपोर्ट किए गए। यह इस बात का सबूत है कि जागरूकता और लैब क्षमता बढ़ने से पहचान भी तेजी से हो रही है।

### डब्ल्यूएचओ- उभरती हुई उपेक्षित बीमारियों की सूची में शामिल

मेलीओडोसिस दक्षिण-पूर्व एशिया और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में पहले से ही एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। अब भारत के कई राज्यों, खासकर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में इसके बढ़ते केस चिंता का विषय हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इसे उभरती हुई उपेक्षित बीमारियों की सूची में शामिल किया है।

# टहल रहा निगमकर्मी संदिग्ध हालात में छत से गिरा, मौत : खाना खाने के बाद दूसरी मंजिल पर पहुंचा था

भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

अयोध्या नगर इलाके में मंगलवार देर रात खाना खाने के बाद छत पर टहल रहे नगर निगम के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में दो मंजिल से गिरने से मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अयोध्या नगर पुलिस के मुताबिक नरेला निवासी अशोक ठाकुर पुत्र विजय ठाकुर (38) नगर निगम में ठेका श्रमिक था। मंगलवार की रात खाना खाने के बाद अपने दो मंजिला मकान की छत पर टहल रहा था।

### परिजन निजी अस्पताल लेकर गए थे

तभी अचानक वह छत से नीचे गिर गया। उसे खून से लथपथ हालत में परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि अशोक शराब पीने का आदी था।



### शराब पीने का आदी था अशोक

घटना के समय भी वह नशे की हालत में था। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की सभी एंगल पर जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट और जांच में आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# खरगोन-बड़वानी में तेज बारिश का अलर्ट, भोपाल-जबलपुर में बादल रहेंगे

## कई जिलों में धूप खिलेगी; एमपी में अब तक 7 इंच ज्यादा बारिश

भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश के निमाड़ यानी, इंदौर संभाग के 2 जिले- खरगोन और बड़वानी में अगले 24 घंटे के अंदर तेज बारिश का अलर्ट है। बाकी जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। भोपाल, इंदौर में बादल छाने के साथ बूंदाबांदी होने के आसार हैं। वहीं, कई जिलों में तेज धूप भी खिली रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में मध्यप्रदेश के आसपास तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) एक्टिव है, लेकिन इनका प्रदेश में असर कम है। इस वजह से मंगलवार को कई जिलों में तेज बारिश नहीं हुई। ऐसा ही मौसम बुधवार को भी बना रहेगा।

### अगले 3 दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम

मौसम विभाग ने अगले 3 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया है, लेकिन कई बार लोकल सिस्टम की वजह से बारिश की झड़ी लग सकती है। पिछले एक सप्ताह से ऐसा ही हो रहा है। लोकल सिस्टम की एक्टिविटी होने से बारिश हो जाती है। भोपाल, रायसेन में भी पानी गिरा है।



### कई राज्यों से लौट रहा मानसून

मौसम विभाग के अनुसार, अब मानसून की वापसी भी होने लगी है। आधे राजस्थान से मानसून लौट चुका है। वहीं, गुजरात, पंजाब और हरियाणा के कई जिलों से भी मानसून लौटा है। यदि वापसी की यही रफ्तार रही तो एमपी के भी कई जिलों में ऐसी स्थिति बन सकती है।

### 16 जून से अब तक एमपी में 42.4 इंच बारिश

बता दें, प्रदेश में 16 जून को मानसून ने आमद दी थी। तब से अब तक औसत 42.4 इंच बारिश हो चुकी है। अब तक 35.4 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से 7 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है। यह कोटा पिछले सप्ताह ही पूरा हो गया है।

## कहा- 250 से ज्यादा जलीय एवं औषधीय पौधा का संरक्षण जरूरी; मैं पदयात्रा करुंगा

# भोपाल सांसद बोले-बड़ा तालाब का मास्टर प्लान बने

भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

भोपाल की लाइफ लाइन बड़ा तालाब के संरक्षण और अतिक्रमण हटाने को लेकर अब सांसद आलोक शर्मा पदयात्रा करेंगे। उन्होंने बड़ा तालाब का मास्टर प्लान बनाने की मांग भी उठाई है। कहा कि मैं भारत सरकार की एनवायरमेंट कमेटी के सामने यह मुद्दा उठाऊंगा। इस कमेटी में मैं शामिल हूं। सांसद शर्मा ने कहा, बड़ा तालाब शहर की लाइफ लाइन है। इसके 50 मीटर के दायरे में अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। बड़ा तालाब का मास्टर प्लान बने। इसके लिए मैं खुद काम कर रहा हूं। आने वाले समय में बड़ा तालाब के आसपास पदयात्रा करुंगा। उन्होंने बताया कि बड़ा तालाब में ढाई सौ से अधिक जलीय और औषधीय पौधे लगे हैं। उनका संरक्षण करना है।



### 36 किमी की पदयात्रा करेंगे

सांसद बड़ा तालाब के आसपास पदयात्रा करेंगे, जो 36 वर्ग किमी है। हालांकि, साल 2016 में हुए डीजीपीएस सर्वे की 2017 में आई रिपोर्ट में इसे 38.72 वर्ग किमी बताया गया था। तालाब के एफटीएल से 50 मीटर की दूरी तक निर्माण पर प्रतिबंध है। 361 वर्ग किमी के कैचमेंट में भी कई पाबंदी हैं। बावजूद कब्जा है। समय-समय पर जिला प्रशासन कार्रवाई तो करता है, लेकिन बाद में मामला ठंडा पड़ जाता है।

### 20 लाख से अधिक पेड़

जानकारी के अनुसार, बड़ा तालाब के चारों ओर करीब 20 लाख पेड़ हैं। सांसद शर्मा ने तालाब में ही ढाई सौ से ज्यादा जलीय औषधीय पौधे होने की बात कही है। वहीं, बड़ी संख्या में जलीय जीव-जन्तु भी हैं।

### बड़ा तालाब में गाद जमी, पानी का भराव कम

बता दें कि पिछले 60 साल में तालाब में आई गाद से करीब 25 अरब लीटर जलग्रहण क्षमता कम हुई है। बड़े तालाब के 50 मीटर दायरे में 1300 से ज्यादा चिह्नित किए जा चुके हैं। भदभदा, बैरागढ़ और सीहोर रोड यानी तालाब के हर छोर के आसपास तेजी से निर्माण हुए हैं। पिछले एक साल में लालघाटी से बैरागढ़ के बीच कुछ मैरिज गार्डन पर कार्रवाई भी की गई है।

### 3 लाख आबादी की प्यास बुझाता है बड़ा तालाब

बड़ा तालाब को शहर की लाइफ लाइन कहा जाता है। इसकी वजह यह वाटर लेवल तो बेहतर रखता ही है। साथ में बड़ी आबादी की प्यास भी बुझाता है। बड़ा तालाब से हर दिन पुराने शहर समेत बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) समेत आसपास के इलाकों की 3 लाख से ज्यादा आबादी को पानी की सप्लाई की जाती है। 20त्न से ज्यादा इलाकों में पानी पहुंचता है। बड़ा तालाब से हर रोज 25 स्नत्रष्ठ (मिलियन गेलन पानी प्रतिदिन) सप्लाई होता है। इसकी कुल जलभराव क्षमता 1666.80 फीट है।

# दवा के धोखे में महिला ने पिया जहर, मौत

## भोपाल में मासूम बेटी पिला दिया था मॉस्किटो लिक्विड, पुलिस ने शुरू की जांच

भोपाल | संवाददाता
rashtrabaan.in

बरखेड़ी में रहने वाली महिला को मासूम बेटी ने दवा के धोखे में मॉस्किटो लिक्विड पिला दिया। तबीयत बिगड़ने के बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पांच दिन चले इलाज के बाद बुधवार को महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जहांगीराबाद पुलिस के मुताबिक स्वाति शाक्य पति रवि शाक्य (30) निवासी बरखेड़ी की रहने वाली थी। शनिवार की रात को 11 बजे महिला की तबीयत खराब थी। तब उसने नौ साल की बच्ची से दवा मांगी। मृतका के पति रवि ने बताया कि बेटी ने दवा के धोखे में मॉस्किटो लिक्विड अपने ही हाथ से मां को पिला दिया। इससे मां की तबीयत बिगड़ी, तत्काल उसे अस्पातल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार की तड़के सुबह उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## संपादकीय

# मोदीफाइड गवर्नेंस- नीति निर्माण से राष्ट्र निर्माण तक का सफर

मोदीफाइड गवर्नेंस के माध्यम से भारत में शासन और नीति निर्माण में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं. यह मॉडल तकनीक पारदर्शिता और नागरिक सशक्तिकरण पर आधारित है जिसने स्वास्थ्य वित्त डिजिटल अवसंरचना और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में विकास को गति दी है. विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को ऊपर उठाने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने डिजिटल इंडिया के माध्यम से तकनीकी उपयोग को बढ़ाने पर जोर है.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने शासन और नीति निर्माण में एक नए युग की शुरुआत की है. इस नए युग को हम मोदीफाइड गवर्नेंस का नाम देते हैं. यह केवल एक शब्द नहीं है, बल्कि एक ऐसा प्रशासनिक मॉडल है जिसने भारत के शासन तंत्र, नीति निर्माण, नागरिक सहभागिता, तकनीकी नवाचार और वैश्विक कूटनीति को नई दिशा दी है. आज भारत जिस आत्मविश्वास और गतिशीलता के साथ आगे बढ़ रहा है, उसकी जड़ें इसी सोच में गहराई से जुड़ी हैं. इसका मूल आधार इरादे और प्रभाव के बीच की खाई को पाटना है, यह सुनिश्चित करना कि विकासात्मक पहलें तेजी और पारदर्शिता के साथ जमीनी स्तर तक पहुंचें. यह तकनीक, प्रत्यक्ष लाभ वितरण और नागरिक सशक्तिकरण के स्तंभों पर निर्मित एक ढांचा है, जो राष्ट्रीय आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देता है.



यह मील का पत्थर पर्यावरणीय स्वास्थ्य को सामाजिक कल्याण के साथ एकीकृत करने के सुनियोजित प्रयास को दर्शाता है, महिलाओं को उत्पादक गतिविधियों के लिए अधिक समय देता है और परिवार की समग्र भलाई में सुधार करता है. योजना की सफलता उसकी जमीनी स्तर की क्रियान्वयन में निहित है. आवेदन सरलीकृत हैं, सब्सिडी सीधे हस्तांतरित की जाती है और रिफिल सब्सिडाइज्ड होते हैं ताकि निरंतर उपयोग सुनिश्चित हो.


यह गवर्नेंस मॉडल आत्मनिर्भर भारत-स्वावलंबी भारत की दृष्टि से प्रेरणा लेता है, जहां हर नीति केवल तत्काल राहत के लिए नहीं बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता के लिए डिजाइन की जाती है. पिछले दशक में, इसने स्वास्थ्य सेवा और वित्त से लेकर डिजिटल अवसंरचना और पर्यावरण संरक्षण तक विविध क्षेत्रों को छुआ है. जो बात उल्लेखनीय है, वह है मापनीय परिणामों पर जोर. योजनाओं की वास्तविक समय में निगरानी की जाती है, फीडबैक के आधार पर समायोजित की जाती है और अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाई जाती है. इससे न केवल भारत की विकास गति तेज हुई है बल्कि इसे उत्तरदायी प्रशासन का वैश्विक उदाहरण बनाया है. मोदीफाइड गवर्नेंस की एक प्रमुख विशेषता समाज के सबसे कमजोर वर्गों को लक्षित हस्तक्षेपों के माध्यम से ऊपर उठाने की प्रतिबद्धता है. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई), जो एक मई 2016 में उत्तर प्रदेश के बलिया से शुरू की गई, इसका उदाहरण है जो ग्रामीण और वंचित परिवारों को स्वच्छ खाना पकाने का ईंधन प्रदान करती है. निम्न आय वाले परिवारों की महिलाओं के लिए एलपीजी कनेक्शन पर ध्यान केंद्रित करके, योजना ने दैनिक जीवन को बदल दिया है, पारंपरिक बायोमास ईंधनों जैसे लकड़ी और कोयले से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को कम किया है. धुएं से भरी रसोई, जो कभी सांस की बीमारियों और आंखों की समस्याओं का सामान्य दृश्य थीं, अब सुरक्षित विकल्पों से बदल रही हैं. वर्ष 2025 तक, योजना ने 10.33 करोड़ से अधिक कनेक्शन वितरित किए हैं, पूरे देश में स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच का विस्तार किया है.

# बिहार से दिल्ली तक विवादों में चुनाव आयोग

बिहार से दिल्ली तक चुनाव आयोग SIR प्रक्रिया को लेकर विवादों में है. सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बीच मतदाता सूची और आधार कार्ड पर उठ रहे सवालों ने भरोसे पर संकट खड़ा कर दिया है. चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है, जो संविधान के अनुसार देश में चुनाव प्रक्रिया का संचालन करता है. संवैधानिक प्राधिकार होने के नाते आयोग से उम्मीद की जाती है कि वह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से काम करेगा.

देश में नागरिकों के मताधिकार को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी इसी की है. ऐसे में सवाल है कि अगर चुनाव आयोग कानून और मानदंडों के मुताबिक अपना काम कर रहा है तो उसकी कार्यप्रणाली को संदेह की नजर से क्यों देखा जा रहा है?

आयोग पर निष्पक्षता और पारदर्शिता नहीं बरतने के आरोप बार-बार क्यों लग रहे हैं? बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआ-ईआर) की प्रक्रिया पर सवाल उठने की वजह क्या है? इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय ने भी गंभीरता से लिया है. हालांकि शीर्ष अदालत ने उम्मीद जताई है कि बिहार में चुनाव आयोग एसआईआर में कानून का पालन कर रहा होगा. साथ ही आगाह भी किया है कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो इस पूरी प्रक्रिया को रद्द कर दिया



जाएगा. इससे साफ है कि चुनाव आयोग पर विश्वास की नींव अब कमजोर होती नजर आ रही है.

बिहार में सबसे पहले एसआईआर की प्रक्रिया के समय को लेकर सवाल उठे थे. विपक्षी दलों का तर्क था कि राज्य में कुछ माह बाद विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और यहां से एस-आईआर की शुरुआत करना चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर संदेह पैदा करता है. इसके बाद देश एवं राज्य की नागरिकता के प्रमाण के लिए तय किए ग्यारह दस्तावेजों में आधार कार्ड को शामिल नहीं करने पर आयोग सवालों के घेरे में आ गया था.

सर्वोच्च न्यायालय ने आयोग को इस विषय पर विचार करने को कहा था, लेकिन आयोग ने यह तर्क देते हुए इनकार कर दिया कि आधार कार्ड पर विश्वास नहीं किया जा सकता. इसके बाद शीर्ष अदालत को इस पर नए सिरे से निर्देश देना पड़ा, तब आयोग ने बिहार में अंतरिम व्यवस्था के रूप में आधार कार्ड को नागरिकता के प्रमाण दस्तावेजों की सूची में शामिल किया. यहां गौर करने वाली बात है कि आज बैंक खाता खुलवाने से लेकर रसोई गैस के पंजीकरण के लिए आधार जरूरी है, तो फिर उसकी विश्वसनीयता को स्वीकारने में संकोच क्यों है. और फिर इस बात की क्या गारंटी है कि आयोग ने नागरिकता प्रमाण के तौर पर जिन ग्यारह दस्तावेजों को शामिल किया है, उनमें कोई फर्जीवाड़ा नहीं हो सकता है.सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक प्राधिकार है और उसे देश भर में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू करने से रोका नहीं जा सकता. सवाल सिर्फ यह है कि इस प्रक्रिया में कानून का पालन हो रहा है या नहीं. चुनाव आयोग अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है. ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बिहार में जो आशंकाएं पैदा हुई हैं, उनके निराकरण के बिना आयोग आगे कैसे बढ़ सकता है. इसमें दो राय नहीं कि मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है. सूची से उन लोगों के नामों को हटाना जरूरी है, जिनकी मौत हो चुकी है या जिनके पास वैध मतदाता पहचान पत्र नहीं हैं. मगर, इस कवायद में यह ध्यान रखना भी जरूरी है कोई पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न हो. इसका उत्तरदायित्व भी चुनाव आयोग का ही है.

# 13 साल के बच्चे ने उड़ाए पिता के 13 लाख

लखनऊ की दर्दनाक घटना ने ऑनलाइन गेम्स की लत का खतरनाक पहलू दिखाया. बच्चों की सुरक्षा के लिए अभिभावक और सरकार दोनों को सतर्क होना होगा. हमें फॉलो करें डिजिटल होती दुनिया में कोई बच्चा जब स्मार्टफोन या कंप्यूटर में मशगूल रहने लगता है, तो उसके अभिभावकों की प्रथम दृष्टया धारणा यही बनती है कि वह तकनीक के उपयोग को लेकर बहुत तीक्ष्ण बुद्धि वाला है. मुश्किल तब होती है, जब तकनीक में बच्चों या किशोरों की यही व्यस्तता उनके विवेक और व्यक्तित्व पर बेहद घातक असर डालती है और कई बार जानलेवा भी साबित होती है.



गौरतलब है कि लखनऊ के गांव धनुवासाढ़ में 13 वर्षीय एक किशोर को ऑनलाइन गेम की लत लग गई थी और इसी क्रम में वह अपने पिता के खाते में जमा 13 लाख रुपए हार गया. जब पिता को पता चला तो डर की वजह से किशोर ने आत्महत्या कर ली. यह इस तरह की कोई अकेली घटना नहीं है. ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें आनलाइन गतिविधियों में लिप्त कई बच्चों की पहुंच अपने घर के पैसों तक हो जाती है और गेम में डिजाइन किए गए लालच के जाल में फंस कर वे अपने माता-पिता की मेहनत से कमाए गए पैसे बाजी में हार जाते हैं.

तकनीकी कौशल हासिल करना और अपना ज्यादातर वक्त उसमें खो देना अलग-अलग बातें हैं. आज किशोरावस्था से गुजर रहे ऐसे बच्चों की संख्या बहुत बड़ी हो चुकी है, जो अपनी पढ़ाई-लिखाई से लेकर खेल और मनोरंजन तक के लिए पूरी तरह डिजिटल संसाधनों पर निर्भर होते जा रहे हैं और दोस्ती या खेलों की वास्तविक दुनिया से कटते जा रहे हैं. इसी क्रम में कोई बच्चा इंटरनेट पर कब किस अवांछित गतिविधियों में अपना वक्त जाया करने लगता है, अभिभावकों को अंदाजा भी नहीं हो पाता. आनलाइन गतिविधियों का लती हो चुका बच्चा जब किसी जानलेवा जंजाल में फंस जाता है, तब जाकर अभिभावक चिंतित होते हैं. मगर तब तक कई बार देर हो चुकी होती है. सवाल है कि इस तरह के अंजाम तक आने से पहले जिस तरह की स्थितियां बनती हैं, अभिभावकों को उन पर गौर करना, बच्चों को वक्त देना, उन्हें असली दुनिया में वापस लाना जरूरी क्यों नहीं लगता? वहीं सरकार ने भी जुए की तरह खेले जाने वाले आनलाइन खेलों की दुनिया को लगभग खुला छोड़ रखा है. नतीजतन, समाज से लेकर सरकार तक की बहुस्तरीय लापरवाही के शिकार हमारे मासूम हो रहे हैं.

# टैरिफ का प्रभाव सितंबर में दिखाई देगा





वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी भारत के अगस्त के व्यापार आंकड़े केंद्र सरकार के लिए राहत की खबर हैं, क्योंकि उसे समुद्री खाद्य और वस्त्र एवं परिधान जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों से ब्याज सहायता से लेकर ऋण चुकौती स्थगन तक की मांगों का सामना करना पड़ रहा है. लेकिन यह कहना मुश्किल है कि यह राहत कितने समय तक चलेगी, क्योंकि यह काफी हद तक भारत और उसके सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार अमेरिका के बीच नए सिरे से व्यापार वार्ता की दिशा पर निर्भर करता है, जो कि अमेरिका द्वारा 27 अगस्त से लागू आयात पर 50% शुल्क लगाने के बीच है. अगस्त में वस्तुओं का निर्यात साल-दर-साल (YoY) 6.7% बढ़कर 35.10 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि आयात **10.12%** घटकर 61.59 बिलियन डॉलर रह गया, जिसका कारण सोने (-57% YoY) और चांदी (-60% YoY) की आवक में भारी गिरावट थी. नतीजतन, व्यापारिक व्यापार घाटा जुलाई के 27.35 बिलियन डॉलर से घटकर अगस्त में 26.49 बिलियन डॉलर हो गया. लेकिन 7 अगस्त से लागू हुए अमेरिका के 25% ₹पारस्परिक शुल्क₹ का दबाव निर्यात में क्रमिक गिरावट में दिखाई देता है. अगस्त में अमेरिका को वस्तुओं का निर्यात जुलाई के 8.01 अरब डॉलर से घटकर 6.86 अरब डॉलर रह गया, जबकि कुल निर्यात जुलाई के 37.24 अरब डॉलर और जून के 35.14 अरब डॉलर से घटकर अगस्त में 35.10 अरब डॉलर रह गया. इससे पता चलता है कि अमेरिकी आयातकों द्वारा भंडारण की होड़ धीमी पड़ने लगी है और 50% टैरिफ का पूरा असर सितंबर के व्यापार आंकड़ों में दिखाई देगा. अगस्त में इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न एवं आभूषण और इंजीनियरिंग वस्तुओं के अमेरिकी निर्यात में मामूली गिरावट देखी गई, जबकि वस्त्र क्षेत्र में साल-दर-साल आधार पर लगभग 2.7% की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई. निश्चित रूप से, इन क्षेत्रों में साल-दर-साल आधार पर प्रभावशाली समग्र वृद्धि देखी गई. आश्चर्य नहीं कि दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स, एक ऐसा क्षेत्र जो टैरिफ से मुक्त है, ने क्रमिक और वार्षिक आधार पर अच्छा प्रदर्शन किया है, अगस्त में निर्यात साल-दर-साल आधार पर 6.94% बढ़कर 2.51 अरब डॉलर हो गया. चिंता की बात यह है कि विभिन्न उत्पादों और क्षेत्रों के आयात में भारी गिरावट आई है – परिवहन उपकरण (-26.54%), कोयला और संबंधित उत्पाद (-26.2%), लकड़ी और संबंधित उत्पाद **(-14.46%) और** लोहा एवं इस्पात (-10.98%).

# राशिफल





■ **मेष:** आज का दिन मेष राशि वालों के लिए अच्छा रहने वाला है. सेहत का ध्यान रखने की जरूरत है. आज आपको अपना पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि घर का कोई बुजुर्ग आपकी आर्थिक मदद कर सकता है. परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे. आपका जीवनसाथी आपको खुश करने के लिए कोशिश करेंगे

■ **वृषभ:** आज का दिन आपको मानसिक शांति प्रदान करेगा. आपके ख़र्चों में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है. आज किसी पार्टी में सिंगल जातकों की मुलाकात किसी खास व्यक्ति से हो सकती है. आपके पास अतिरिक्त ऊर्जा होगी जो कार्यों को पूरा करने में मदद करेगी. किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिल सकती है.

■ **मिथुन:** आज आपकी एनर्जी का स्तर हाई रहने वाला है. कारोबार में वृद्धि हो सकती है. आर्थिक रूप से दिन लाभकारी रहने वाला है. आज आपका साथी अपना कोई अद्भुत पक्ष दिखा सकता है. यात्रा का योग बनेगा और परिवार के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बन सकता है.

■ **कर्क:** आज आपको वर्कप्लेस पर किसी प्रोजेक्ट में लीड करने या कोई नई भूमिका निभाने का मौका मिल सकता है. आज आप आर्थिक रूप से सुरक्षित महसूस कर सकते हैं. निवेश के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है. परिवार में किसी सदस्य के व्यवहार से आप परेशान रह सकते हैं. रोमांस के लिए अच्छा दिन है. कार्यस्थल पर आज आपकी मेहनत रंग दिखाएगी.

■ **सिंह:** आज आपको शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दिन की शुरुआत एक्सरसाइज से करनी चाहिए. रोमांटिक जीवन अच्छा रहने वाला है. अचानक अप्रत्याशित मुनाफा या अप्रत्याशित लाभ देखने को मिल सकता है. परिवार के सदस्यों की मदद से किसी काम में सफलता मिल सकती है. वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा.

■ **कन्या:** आज आपके परिवार की सेहत में सुधार होगा. कार्यस्थल पर उच्चाधिकारियों का साथ मिलेगा. परिवार में सुख-शांति रहेगी. किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है. परिवार व मित्रों का साथ मिलेगा. आर्थिक लाभ के अवसर मिलेंगे.

■ **तुला:** आज आपको शारीरिक रूप से सतर्क रहने की जरूरत है. रोमांस रोमांचक रहेगा. वैवाहिक जीवन को बेहतर बनाने के आपके प्रयास आज आपको उम्मीदों से बेहतर रंग दिखाएंगे. वर्कप्लेस पर आपको अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा.

■ **वृश्चिक:** आज आपके मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे. कारोबार में भागदौड़ ज्यादा रहने वाली है. आर्थिक लाभ के अवसर भी मिलेंगे. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. संतान पक्ष से शुभ समाचार मिल सकता है.

■ **धनु:** आज आपका आत्मविश्वास भरपूर रहेगा. कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं, लेकिन परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं. कामकाज में भागदौड़ करनी पड़ सकती है.

■ **मकर:** आज आपका मन प्रसन्न रहेगा. आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा. लिखने-पढ़ने में रुचि रहेगी. नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा. नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं.

■ **कुंभ:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी. पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा. परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं. बातचीत में बैलेंस बनाकर चलें. परिवार के बड़े-बुजुर्ग बच्चों में संपत्ति बांट सकते हैं.

■ **मीन:** आज आपको धन के मामले में सतर्क रहने की जरूरत है. किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है. जीवनसाथी का साथ मिलेगा. मन में नकारात्मक विचारों से बचना चाहिए. नौकरी के नए प्रस्ताव मिल सकते हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली - 449



### ऊपर से नीचे:-

1. जीतेंद्र, रेखा की 'मैं ने कह दी तूने सुन ली' गीत वाली फिल्म-2,3
2. 'दिलबर दिलबर' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-2
3. 'सच कहते हैं हम' गीत वाली अक्षय कुमार, करिश्मा की फिल्म-4
4. 'तेरा जादू चल गया' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-2
5. 'सुन सजना तेरे' गीत वाली मिथुन, जयाप्रदा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-5
8. सलमान खान, रेवती की 'साथिया तूने क्या किया' गीत वाली फिल्म-2
11. फिल्म 'कालीचरण' में 'लॉयन' के नाम से कौन प्रसिद्ध हुआ-3
12. 'इस टूट दिल की पीर' गीतवाली फिल्म-2
15. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-2
16. फिल्म 'प्यार दिवाना होता है' में गोविंदा के साथ नायिका -2
17. मिथुन, संगीता बिजलानी की 'नाले नाले मैं चली' गीत वाली फिल्म-4
19. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-3
20. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-3
21. 1942 ए लव स्टोरी' के गीत 'क्यों नये लग रहे हैं' की गायिका कौन?-3
25. फिल्म 'अमर प्रेम' में नायिका कौन थी-3
27. 'छू कर मेरे मन को' गीत वाली फिल्म-3
28. धर्मेन्द्र, सायरा 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-2
30. संजय खान, डैनी, जीनत की 'उलझन सुलझे ना' गीत वाली फिल्म-2

### बायें से दायें:-

1. अमिताभ, अक्षय, करिश्मा की 'दिल लगाने की' गीत वाली फिल्म-2,2
3. 'आते आते तेरी' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-2,1,2
6. दिलीपकुमार, निम्मी की 'आग लगी तन मन में' गीत वाली फिल्म-2
7. 'धक धक करने लगा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-2
9. 'कमसिन कली हूँ' गीतवाली फिल्म-2
10. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की रामगोपाल वर्मा निर्देशित फिल्म-2
11. राजेश खन्ना, शबाना की 'दिन महीने साल' गीत वाली फिल्म-4
13. 'उगंली में अंगूठी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-1
14. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या' गीत वाली फिल्म-3
17. 'दोस्तों तुम सबको' गीतवाली अनिल, जैकी, टीना, हेमा की फिल्म-2
18. नायक सुनीलदत्त वाली फिल्म 'मिलन' की नायिका कौन थी-3
20. 'सनी' में अमुता सिंह का नायक-2
22. अशोक, मधुबाला की 'मुश्किल है बहुत मुश्किल' गीत वाली फिल्म-3
23. 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली संजयदत्त, अनिताराज की फिल्म-3
24. सुनील शेट्टी, रवीना टंडन की 'बप्पा मोरिया' गीत वाली फिल्म-4
26. 'ऐ दिल कहाँ तेरी मंजिल' गीतवाली देव आनंद, माला की फिल्म-2
29. दीनो मोरिया, बिपाशा बसु की 'तुम अगर सामने' गीत वाली फिल्म-2
31. 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिरोज खान, संजय, मुमताज की फिल्म-2
32. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की 'तेरी उम्मीद तेरा' गीत वाली फिल्म-3
33. 'मेरा कँगना झाँझर चूड़ी' गीत वाली सुनील शेट्टी, रंभा की फिल्म-2

### फिल्म वर्ग पहेली - 448 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | दि | नी | ■ | पु | ■ | गैं | ब | ल | र |
| ध | ■ | ल | ल | का | र | ■ | हा | ■ | वी |
| न | सी | म | ■ | र | ■ | प | र | वा | ना |
| ■ | मा | ■ | श | ■ | सु | र | ■ | सु | ■ |
| आ | ■ | आ | शि | क | ■ | दे | वी | ■ | ह |
| ह | मे | शा | ■ | ह | व | स | ■ | स | त्या |
| ■ | ला | ■ | आ | र | जू | ■ | खे | ल | ■ |
| बे | ■ | ला | वा | ■ | द | स | ■ | मा | या |
| खु | ■ | ■ | रा | जू | ■ | फ | र्ज | ■ | रा |
| दी | वा | ने | ■ | ली | ड | र | ■ | टी | ना |

■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

## अंकजाल - 449

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 25 | 19 | 23 | ■ | 31 | 19 | 16 | 11 | ■ |
| 14 | 7 | | 5 | ■ | 7 | | 5 | | 24 |
| 18 | | 2 | | ■ | | 8 | | 5 | 25 |
| 13 | 3 | | 2 | ■ | 7 | | 4 | | 16 |
| 32 | | 7 | | 3 | | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | | 5 | | 2 | | 21 |
| 26 | | 5 | | 7 | ■ | 3 | | 4 | 13 |
| 18 | 5 | | 5 | | ■ | | 4 | | 14 |
| 29 | | 8 | | 8 | ■ | 6 | | 4 | 14 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 26 | ■ | 21 | 16 | 18 | ■ |

### अंकजाल 448 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 18 | 20 | 22 | ■ | 21 | 20 | 20 | 16 | ■ |
| 14 | 7 | 2 | 5 | ■ | 7 | 8 | 9 | 5 | 29 |
| 15 | 4 | 9 | 2 | ■ | 7 | 5 | 8 | 7 | 27 |
| 16 | 5 | 3 | 8 | ■ | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 27 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | 2 | 5 | 2 | 3 | 19 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | ■ | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 29 | 8 | 8 | 5 | 8 | ■ | 6 | 4 | 6 | 16 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 37 | ■ | 17 | 16 | 20 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 449

*शब्दजाल में दस पर्यटन स्थलों के नाम ढूंढिए. दिये गए नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

ताजमहल,लालकिला,कुतुबमीनार,जंतर मंतर,इंडिया गेट, हवा महल, गेटवे ऑफ इंडिया,डलझील,विवेकानंद स्मारक, रणथम्भौर

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कु | क | ल | ह | वा | म | ह | ल | सी | गे | ज |
| र | तु | ल | दे | र | ण | थ | म्भौ | र | ट | वा |
| त | स | ब | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | वे | द |
| वि | ज | ज | मी | पु | र | रा | प | र | ऑ | ब |
| वे | गा | इं | ग | ना | लं | ज | जं | गी | फ | र्नि |
| का | क | व | डि | ह | र | पू | त | ता | इं | ग |
| नें | अ | स | त | या | प | त | र | ज | डि | ट्रे |
| द | ता | दा | ई | ह | गे | सा | मं | ड | या | ला |
| स्मा | बा | चे | न | ब्रा | जी | ट | त | ल | प | ल |
| र | पा | ला | ल | शो | ले | दु | र | झी | स्त्री | कि |
| क | रा | जी | व | ता | ज | म | ह | ल | म | ला |

### शब्दजाल - 448 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | जा | ला | ह | दा | प | उ | ड़ी | सा | झ | आ |
| ज | अ | ल | म | आ | मो | ल | ब्ब | तें | शा | अ |
| अं | इ | नु | दि | ल | दा | ज | ढा | र | ला | ब |
| ज | कु | उ | ल | बे | ला | लू | उ | त | रा | ना |
| स | ति | श | द | व | दा | ल | उ | ग | वी | ट |
| री | रं | ल | चु | बि | लि | र्त | क्ष | दा | प | च |
| जो | उ | ल | के | गा | ला | म | उ | कौ | र | ले |
| श | ता | जीं | स | त | क | व | क | ग | श | ता |
| म | व | मि | न | व | न | ज | सा | शा | जू | द |
| द | ला | ल | म | ह | उ | ठ | ना | स | प | ना |
| थो | औ | र | प्या | र | उ | ल | झ | न | र | क |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# संवैधानिक पद निष्क्रियता पूरी तरह आमान्य



8 अप्रैल, 2025 को सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद राष्ट्रपति संदर्भ पर हुई सुनवाई ने राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने में राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों पर संवैधानिक स्थिति को स्पष्ट किया है. इस फैसले ने इस बात की काफी हद तक पुष्टि की है कि राज्यपालों को ऐसे विधेयकों पर अनिश्चित काल तक मंजूरी नहीं देनी चाहिए. राष्ट्रपति संदर्भ में पूछे गए 14 प्रश्नों पर विचार करते हुए, पाँच-न्यायाधीशों की पीठ की टिप्पणियाँ अप्रैल में स्पष्ट किए गए संवैधानिक सिद्धांतों पर केंद्रित थीं. भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने, इस बात पर कि क्या न्यायालय को ₹शक्तिहीन₹ बैठे रहना चाहिए जबकि राज्यपाल ₹सक्षम राज्य विधानमंडलों₹ को निष्क्रिय बना रहे हैं, अप्रैल के फैसले में निहित मुख्य चिंता को दोहराया - कि संवैधानिक पद निष्क्रियता के माध्यम से लोकतांत्रिक शासन को पंगु नहीं बना सकते. हालाँकि राज्यों के वकीलों ने मुख्यतः राजनीतिक आधार पर तर्क दिया कि कौन से दल उन पर शासन करते हैं, लेकिन इससे कार्यवाही के दौरान अनुच्छेद 200 और 201 की गहन जाँच में कोई कमी नहीं आई. यह तर्क कि इन अनुच्छेदों में विशिष्ट समय-सीमाओं पर संविधान की चुप्पी राज्यपालों को असीमित विवेकाधिकार प्रदान नहीं करती, अभी भी प्रासंगिक है. जब सॉलिसिटर-जनरल ने तर्क दिया कि राज्यपाल ₹जल्दबाजी में बनाए गए कानूनों पर अंकुश₹ के रूप में कार्य करते हैं, तो पीठ के जवाब ने इस स्थिति और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के बीच तनाव को भी इंगित किया. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की यह टिप्पणी, कि राज्यपाल अनिश्चित काल तक विधानमंडल के विवेक पर नियंत्रण नहीं रख सकते, संक्षिप्त थी. जैसा कि केरल के वकील ने बताया, केवल विपक्ष शासित राज्यों को ही लंबी देरी का सामना करना पड़ा है, यह दर्शाता है कि संवैधानिक ढाँचा स्वयं अस्पष्ट नहीं है, बल्कि इसका अनुप्रयोग चयनात्मक हो गया है.

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 18 सितंबर 2025

# जबलपुर राष्ट्रबाण

• सोहगपुर • ब्योहारी • जयसिंहपुर • जैतपुर



# 'माँ' शब्द के आकार में तैयार हो रहा नमो उपवन

## जबलपुर में नर्मदा किनारे रोपे 6 हजार 990 पौधे, परिक्रमावासियों के लिए होगा आश्रय स्थल

जबलपुर | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

जबलपुर के बरगी में नर्मदा किनारे महाकौशल का पहला मियावाकी पद्धति से जंगल तैयार हो रहा है। इसका नाम नमो उपवन रखा है। करीब 26 हजार वर्गफीट में फैले जंगल को मां शब्द का आकार दिया जा रहा है। ग्राम सगड़ा झपनी में तैयार हो रहे इस जंगल में अब तक 6 हजार 990 पौधे लगाए जा चुके हैं। ये पौधे 2 से 3 साल में पूरी तरह से विकसित हो जाएंगे। बुधवार को बरगी विधायक नीरज सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गेहलोत, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, उपाध्यक्ष विवेक पटेल, जनपद पंचायत जबलपुर के अध्यक्ष चंद्र किरण गिरी सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण किया।

### प्रदेश का पहला मियावाकी पद्धति का जंगल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जबलपुर जिले ने एक नवाचार के तौर पर मियावाकी पद्धति से नमो उपवन के विकास की शुरुआत की गई है। यह पूरे प्रदेश में संभवतः अनूठा कार्यक्रम है। नवाचार के तहत नर्मदा किनारे बसे बरगी विधानसभा के ग्राम पंचायत सगड़ा झपनी गांव को चुना है।

### नर्मदा भक्तों के लिए आश्रय स्थल बनेगा

दरअसल, नर्मदा परिक्रमा पथ पर नर्मदा भक्तों के लिए आश्रय स्थल के लिए चिंहित भूमि में से करीब 26 हजार वर्ग फुट पर नमो उपवन को विकसित किया जा रहा है। बुधवार को सेवा पखवाड़ा के पहले दिन पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### क्या है मियावाकी पद्धति

मियावाकी पद्धति एक वैज्ञानिक पौधारोपण तकनीक है, जिसे जापान के प्रसिद्ध वनस्पति वैज्ञानिक डॉ. अकीरा मियावाकी ने विकसित किया। इस पद्धति का उद्देश्य प्राकृतिक वनों की तरह घने, आत्मनिर्भर और जैव विविधता से परिपूर्ण जंगल तैयार करना है। इस पद्धति में भूमि की गहरी खुदाई कर उसमें जैविक खाद, गोबर खाद और कम्पोस्ट मिलाया जाता है। फिर 3 पौधे प्रति वर्ग मीटर की घनत्व से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाते हैं। नियमित सिंचाई, मल्चिंग और रखरखाव के कारण 2-3 वर्षों में पौधे पूरी तरह विकसित होकर घना जंगल तैयार कर देते हैं।



**माँ शब्द के आकार का है नमो उपवन**

ग्राम सगड़ा झपनी में नमो उपवन का निर्माण नर्मदा परिक्रमावासी के आश्रय के लिए पहाड़ी पर बनाया जा रहा है। कुल सात एकड़ के इस पूरे क्षेत्र में तार फेंसिंग कर दी गई है। 26 हजार वर्ग फीट में मियावाकी तकनीक से पौधे रोपे जा चुके हैं। इनमें सीताफल, नीम, जामुन, आम, अर्जुन, गुलमोहर, इमली, कदम, गुलर, शिशम प्रजाति के 2 हजार 330 पौधे, कचनार, झारूल, करंजी, आवंला, मौलश्री, अमलतास, कनेर (पीला), टीकोमा, बाटलब्रश, बेल प्रजाति के 2 हजार 330 पौधे रोपे गए। जबकि चांदनी, चमेली, मधुकामनी, कनेर (लाल), मोगरा, मेंहदी, गंधराज, मधुमालती, कलिंद्रा, देसीरोज प्रजाति के भी 2 हजार 330 पौधे लगाए गए। कुल 6 हजार 990 पौधे मियावाकी पद्धति से रोपित किए जा चुके हैं।

### विपरीत परिस्थितियों में की खुदाई

पहाड़ी पर ढलान और कठोर चट्टानों वाली इस भूमि पर विशेष प्रयास ग्रामीणों के साथ मिलकर सरपंच और अन्य अधिकारियों ने किए हैं। जिला पंचायत के ष्टश्वह्र अभिषेक गेहलोत ने बताया कि विपरीत परस्थितियों में चुनौतियां का सामना करते हुए पौधारोपण के लिए गड् ढे कराए हैं। पौधारोपण में स्थानीय स्तर पर निर्मित किए गए जीवामृत का उपयोग किया जा रहा है।

### भविष्य की योजना

भविष्य में यहां पर नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए आश्रय स्थल का निर्माण किया जाएगा। सर्व सुविधायुक्त नमो उपवन का लाभ नर्मदा परिक्रमावासी के साथ-साथ जिले के नागरिकों को पर्यटन के रूप मिल सकेगा। भविष्य में इस स्थान पर आजीविका मिशन से होम स्टे, गौशाला भी विकसित किए जाएंगे।

# जबलपुर के राजुल ड्रीम सिटी में चोरों की दहशत

## हथियारों के साथ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए ; 30 लाख से अधिक का माल उड़ाया

जबलपुर | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in



जबलपुर के पॉश कॉलोनी में हथियारबंद बदमाशों ने लाखों की चोरी की वारदात की। घटना का खुलासा तब हुआ जब शहर से बाहर गया परिवार लौटकर आया और घर के दरवाजे खुले देखे। मकान मालिक ने तुरंत गोहलपुर थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मौके पर पहुंची और कॉलोनी के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें पांच से ज्यादा बदमाश हथियारों के साथ घूमते दिखाई दिए। सभी ने चेहरों को कपड़े से ढक रखा था, जिसके चलते उनकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। घटना 13 सितंबर शनिवार रात की बात जा रही है।

### शहर से बाहर गया था परिवार

परिवार के शहर से बाहर होने का फायदा उठाकर चोरों ने डुप्लेक्स को निशाना बना लिया। गोहलपुर राजुल सिटी स्थित डुप्लेक्स क्रमांक 127 में लवेश जगवानी अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। मकान उनकी मां अलका जगवानी के नाम पर है, जो अपने पति के साथ कटनी में रहती हैं। 12 सितंबर की सुबह लवेश बालाघाट के लिए कार से रवाना हो गए, वहीं उनकी पत्नी मायके चली गई थी। इस दौरान घर पर ताला लगा हुआ था। 16 सितंबर (मंगलवार) की दोपहर पड़ोसी वर्षा पांडे ने फोन कर अलका जगवानी और लवेश को चोरी की सूचना दी। खबर मिलते ही अलका जबलपुर पहुंचीं और देर रात करीब 10 बजे बेटा लवेश भी लौट आया। इस बीच आसपास के लोगों ने गोहलपुर पुलिस को भी जानकारी दे दी थी। लवेश जगवानी ने बताया कि अज्ञात चोर अलमारी तोड़कर करीब 35 तोला सोने के जेवर, नकदी और अन्य सामान चोरी कर ले गए। परिजनों का कहना है कि घटना की शिकायत दर्ज हुए कई दिन बीत चुके हैं और पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी सौंप दिए गए हैं, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वहीं पड़ोसियों का कहना है कि पॉश कॉलोनी में इस तरह की वारदात होना सुरक्षा व्यवस्था और गार्डों की लापरवाही को भी उजागर करता है।

### संदिग्धों की पहचान की जा रही

मामले में एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि चोरी में चार से पांच बदमाश शामिल थे। जिन्होंने चेहरों को कपड़े से ढक रखा था। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए हैं और कुछ संदिग्धों की पहचान की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। उधर, राजुल कॉलोनी में हुई इस बड़ी वारदात के बाद से आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल है।

# जबलपुर में आज और कल सुबह नहीं आएगा पानी

## 27 इलाकों में जलापूर्ति बंद, रमनगरा से गंगानगर टैंक तक पाइप लाइन जोड़ी जा रही

जबलपुर | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

रम नगरा जल शोधन संयंत्र से गंगानगर के टैंक तक पाइप लाइन जोड़े जाने के कारण जबलपुर शहर के कई इलाकों में 17 सितंबर की शाम और 18 सितंबर की सुबह जलापूर्ति नहीं होगी। महापौर जगत बहादुर सिंह, जल प्रभारी दामोदर सोनी और निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है। नर्मदा जल प्रदाय योजना के तहत 120 एमएलडी (मेगा लीटर प्रतिदिन) पानी देने के लिए रम नगरा जल शोधन संयंत्र से 1000 एमएम व्यास की राइजिंग मेन पाइप लाइन को गंगानगर में बने नए टैंक से जोड़ा जा रहा है। कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह काम बहुत जरूरी है, इसलिए लोगों को कुछ समय के लिए असुविधा हो सकती है।

### प्रभावित होने वाले क्षेत्र

पाइप लाइन जोड़े जाने की वजह से कई टंकियों से पानी की सप्लाई नहीं हो पाएगी। जिससे बिड़ला धर्मशाला, मेडिकल, त्रिपुरी, गुलौआ, राइट टाउन, रामेश्वरम, मनमोहन नगर, लक्ष्मीपुर, कोतवाली, मोतीनाला, आनंद नगर, लेमा गार्डन, सर्वोदय नगर, मदन टेरेसा, बेदी नगर, मिल्क स्कीम, किलकारी गार्डन, न्यू शोभापुर और राजीव नगर आदि इलाके प्रभावित होंगे। इसके अलावा, अमृत योजना के तहत आने वाले कोंगवा, करमेता, शिव नगर, अमखेरा, रवींद्र नगर, सुहागी, खैरी और देवताल आदि क्षेत्रों में भी जलापूर्ति नहीं होगी।

# डीसीएस सर्वेयरों ने सरकार से लगाई गुहार, नौकरी को स्थायी करने

## सुरक्षा के लिए बीमा और पहचान पत्र जारी करने की मांग

जबलपुर | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in



किसानों के लिए दिन-रात काम करने वाले डीसीएस सर्वेयर अब खुद के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। अपनी मांगों को लेकर उन्होंने सरकार से गुहार लगाई है। उनकी प्रमुख मांगों में नौकरी को स्थायी करना, काम के दौरान सुरक्षा के लिए बीमा कवर और पहचान पत्र जारी करना शामिल है। इन मांगों को लेकर जबलपुर के सर्वेयरों ने मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर नाथूराम गोंड को एक ज्ञापन भी सौंपा है। सर्वेयरों ने बताया कि उन्होंने किसान रजिस्ट्री, द्र-चङ्क्षष्ट और गिरदावरी जैसे कई महत्वपूर्ण राजस्व कार्यों को पूरी ईमानदारी और लगन से पूरा किया है। इन कार्यों के माध्यम से उन्होंने सरकार और किसानों के बीच एक मजबूत कड़ी का काम किया है। अब वे चाहते हैं कि सरकार उनकी सेवाओं को मान्यता देते हुए उनकी नौकरी को स्थायी करे, ताकि उनके भविष्य की अनिश्चितता खत्म हो सके। अपनी नौकरी के खतरों को बताते हुए, एक सर्वेयर ने कहा, खेतों में काम करते समय हमें अक्सर जहरीले सांपों और अन्य जीवों का सामना करना पड़ता है। हमारे कुछ साथी इन हमलों के शिकार भी हुए हैं, जिससे हम सभी की सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो गया है। इस गंभीर जोखिम को देखते हुए, उन्होंने सरकार से सभी सर्वेयरों के लिए बीमा कवर की मांग की है। काम के दौरान आने वाली एक और बड़ी बाधा पहचान से जुड़ी है। कई बार, खेतों में तारबंदी के कारण किसान उन्हें बाहरी समझकर रोक देते हैं। इससे उनका काम बाधित होता है और अनावश्यक विवाद भी पैदा होते हैं। इस समस्या को हल करने के लिए, सर्वेयरों ने सरकार से पहचान पत्र जारी करने का अनुरोध किया है। उनका मानना है कि पहचान पत्र से उन्हें बिना किसी रुकावट के अपना काम करने में मदद मिलेगी। सर्वेयरों ने सिर्फ अपनी समस्याओं को ही नहीं रखा, बल्कि सरकार को अतिरिक्त जिम्मेदारियां लेने की इच्छा भी जताई। उन्होंने सुझाव दिया कि उन्हें धान और मूंग की खरीद के समय बिक्री केंद्रों पर निगरानी का काम सौंपा जा सकता है, जिससे धांधली को रोका जा सके। इसके अलावा, उन्होंने राजस्व वसूली के काम में भी मदद करने की पेशकश की है।

# जबलपुर में सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान

## स्टूडेंट ने किया 1000 यूनिट रक्तदान, अधिकारी-कर्मचारी भी आए आगे

जबलपुर | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जबलपुर में रक्तदान महादान का आयोजन किया जा रहा है। जिले के 13 विभिन्न स्थानों पर आयोजित इन शिविरों में हजारों लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इन शिविरों में पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं का उत्साह देखने लायक था। कई प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी अभियान में योगदान दिया। विक्टोरिया अस्पताल इस अभियान का एक प्रमुख केंद्र रहा, जहां विशेषकर महिला कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इनमें मुस्लिम समुदाय की छात्राएं भी शामिल थीं, जिन्होंने रक्तदान किया।

### शिक्षकों ने बताया रक्तदान का महत्व

हितकारिणी महाविद्यालय की छात्रा स्वाति पटेल ने बताया कि उन्हें पहले रक्तदान के बारे में अधिक जानकारी नहीं थी। जब मेरे शिक्षकों ने इसके महत्व के बारे में बताया, तो मैंने रक्तदान करने का फैसला किया। अगर मेरे खून से किसी की जान बचती है, तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात होगी। जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अब तक 1000 यूनिट से अधिक रक्तदान हो चुका है। कलेक्टर ने कहा हमने 5000 यूनिट का लक्ष्य रखा था और जिस तरह से युवा आगे आ रहे हैं, उससे हमें उम्मीद है कि यह लक्ष्य भी पूरा हो जाएगा। कॉलेज के फर्स्ट ईयर और सेकंड ईयर के छात्र भी बड़ी संख्या में रक्तदान कर रहे हैं, जिनमें कई पहली बार रक्तदान कर रहे हैं।

## जबलपुर में साइबर सेल को भेजेगा अलर्ट ; सोशल मीडिया पर धमकियों पर भी रखेगा नजर

# इंजीनियरिंग छात्रों ने बनाया फेक न्यूज रोकने वाला सॉफ्टवेयर

जबलपुर | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in




इंटरनेट और सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे फेक न्यूज और भ्रामक वीडियो मैसेज को रोकने के लिए जबलपुर के दो इंजीनियरिंग छात्रों ने नया तकनीकी समाधान खोजा है। ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट के छात्र हर्ष कुमार और गवर्नमेंट जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र आयुष ने दो अलग-अलग सिस्टम तैयार किए हैं, जो सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों, धमकियों और आपत्तिजनक कंटेंट को पहचानकर तुरंत अलर्ट भेजते हैं। ज्ञान गंगा इंस्टीट्यूट के हर्ष कुमार ने 'अस्त्र एआई' नाम का एक एप्लिकेशन तैयार किया है। यह एप्लिकेशन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो रही देशविरोधी और धार्मिक रूप से आपत्तिजनक पोस्ट्स को शुरुआती स्तर पर ही पहचान लेता है और तुरंत साइबर क्राइम सेल को सूचना भेजता है। हर्ष ने बताया कि यह प्रोजेक्ट उन्हें साइबर सेल से मिली एक चुनौती के तहत मिला था। अब तक ऐसा कोई टूल नहीं था जो इतनी तेजी से वायरल कंटेंट को पकड़ सके। यह एप्लिकेशन ऑटोमैटिकली डिटेक्ट करता है और तुरंत रिपोर्ट करता है।

### एआई मॉडल से तय होता संदेश कितना खतरनाक

दूसरी ओर जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र आयुष ने 'हॉक' नाम की वेबसाइट विकसित की है, जो ट्विटर, टेलीग्राम और ईमेल जैसे प्लेटफॉर्म्स पर आने वाले हिंसा या धमकी से जुड़े मैसेजेस को ट्रैक करती है। वेबसाइट इन मैसेजेस को द्व मॉडल के जरिए जांचती है और यह तय करती है कि संदेश खतरनाक है या नहीं। आयुष ने बताया कि यदि कोई यूजर बार-बार झूठी खबरें या भड़काऊ बातें फैलाता है, तो सिस्टम उसे फ्लैग कर देता है, जिससे उसकी विश्वसनीयता कम हो जाती है। किसी गंभीर धमकी की स्थिति में 'हॉक' सीधे पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट भेजता है। जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज की द्व विभाग प्रमुख डॉ. आज्ञा मिश्रा ने इन दोनों छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, यह तकनीकें समस्या नहीं, समाधान बनकर सामने आई हैं। छात्रों ने टेक्नोलॉजी का सकारात्मक उपयोग किया है।

### सार्वजनिक डेटा का इस्तेमाल करता है सॉफ्टवेयर

इन सॉफ्टवेयर्स का जबलपुर साइबर सेल ने परीक्षण किया, जहां सभी को भारत विरोधी टिप्पणियां पोस्ट करने के लिए कहा और सिस्टम उन्हें लाइव पहचान लेता है। अब तक 100 से ज्यादा पोस्ट की पहचान हो चुकी है। इसकी सटीकता अभी 97.5न्न है। यह सिर्फ सार्वजनिक डेटा इस्तेमाल करता है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 18 सितंबर 2025

बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

# 35 साल पुराने बाबा साहब के मंच पर क्षतिग्रस्त करने का आरोप

## जय भीम युवा समिति और आम आदमी पार्टी ने मंच को अधिकृत कराने अपर कलेक्टर से की मुलाकात

### तहसीलदार के स्थगन आदेश को निरस्त करने की मांग



राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in

प्रभातपट्टन जनपद की ग्राम पंचायत नांदकुड़ी में विगत 35 वर्षों से सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के केंद्र रहे बाबा साहेब अंबेडकर मंच को लेकर अब ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सीधी कार्रवाई की मांग की है। बुधवार 17 सितम्बर को को जय भीम युवा समिति और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से जिला अपर कलेक्टर से मुलाकात कर आवेदन सौंपा और खसरा क्रमांक 256/1,2 रकबा 20म20 वर्गफुट की भूमि को अधिकृत कर समिति के नाम पट्टा स्वीकृत करने की अपील की।

ग्रामीणों का कहना है कि इस भूमि पर बाबा साहेब अंबेडकर का मंच और ध्वज वर्षों से स्थापित है और इसी पर गांव के लोग अपने सामाजिक, सांस्कृतिक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे हैं। समिति का आरोप है कि हाल ही में कुछ लोगों ने मंच की भूमि पर कब्जे की नीयत से मंच को क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिसके बाद नव-निर्माण का कार्य शुरू किया गया। लेकिन अनावेदक पक्ष लगातार निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं।

आवेदन में स्पष्ट लिखा गया है कि अनावेदक विष्णु खाकरे और अन्य लोग मिलकर विवाद कर रहे हैं और तहसीलदार द्वारा मिलिभगत से विधि विपरीत स्थगन आदेश जारी करवा दिया गया है, जिसे तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है। समिति का कहना है कि अनावेदक मंच निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, इसलिए प्रशासन उन्हें रोके।

**- ज्ञापन देने वालों में यह रहे मौजूद**

मुलाकात के दौरान जय भीम युवा समिति के अध्यक्ष विजय कापसे, धनराज खातरकर, शिवा कापसे, वारु कापसे, रामदास कापसे, राजेंद्र गुजरे, महेश कापसे, ललिता कापसे, ईमला कापसे, लता कापसे, पार्वती कापसे, वछिला सूर्यवंशी और आम आदमी पार्टी से प्रदेश संयुक्त सचिव अजय सोनी, विनोद जगताप, अजय सरनकर, संजय खातरकर उपस्थित रहे। सभी ने जिला प्रशासन से अपील की कि जल्द से जल्द इस विवाद को सुलझाया जाए ताकि संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मंच पर विधिवत कार्यक्रम कराए जा सकें। आवेदन के साथ समिति ने 09 अगस्त 2025 को दिए गए पूर्व आवेदन की छायाप्रति और ग्राम पंचायत नांदकुड़ी द्वारा पारित ग्राम सभा प्रस्ताव क्रमांक 07/2025 की प्रति भी संलग्न की है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक कार्यालय बैतूल को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की गई है।

# पटवारी पर रिश्वत लेकर गलत नाम दर्ज करने का आरोप

## लाल मासोद के वृद्ध गेंदलाल तीन साल से लगा रहे हैं चक्कर

राष्ट्रबाण मुलताई | संवाददाता rashtrabaan.in



जिले के प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम मासोद निवासी 83 वर्षीय गेंदलाल पिता नत्थ्या साहू मंगलवार को एक बार फिर जनसुनवाई में पहुंचे। गेंदलाल साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि हल्का नंबर 98 के पटवारी द्वारा रिश्वत लेकर गलत ऋण पुस्तिका बनाई गई और जमीनों के नाम गलत व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिए गए हैं। वृद्ध गेंदलाल साहू ने बताया कि वे बीते तीन सालों में लगभग आधा सैकड़ा बार जनसुनवाई में पहुंचकर न्याय की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला है।

ज्ञापन में गेंदलाल साहू ने विस्तार से बताया कि खसरा नंबर 650/1 रकबा 3 एकड़ की जमीन सुमरिया बाई ने ऋण पुस्तिका बनाकर बेच दी। खसरा नंबर 651/1 और 651/2 कुल रकबा 2.529 हेक्टेयर जमीन भी गलत ऋण पुस्तिका बनाकर बेची गई है। इसके अलावा गेंदलाल साहू ने कहा कि उनके भाई नंदलाल नप्या ने खसरा 650/1 की जमीन में से 567 आरे जमीन में से 405 आरे जमीन सेवतीबाई के नाम की जमीन उमेश और निलेश के नाम पर वर्ष 2008 में विक्रय कर दी है।

उन्होंने बताया कि गजानंद ने खसरा नंबर 649/2 की 1.469 हेक्टेयर जमीन के नाम पर ऋण पुस्तिका बनवाई और वर्ष 2017-18 में सीमांकन बैतूल से करवाया। वर्ष 2020-21 में इसी जमीन पर पंचायत से कपिल धारा कुआं पास कराया गया। इसके अलावा पटवारी द्वारा खसरा नंबर 648/1 रकबा 707 आरे जमीन जो नप्या साहू के नाम थी उसे वर्तमान में सुभाष और पिंटू के नाम दर्ज कर दिया गया है जो धोखाधड़ी का मामला है।

गेंदलाल साहू ने बताया कि खसरा नंबर 650/4 रकबा 688 आरे जमीन उनके नाम पर दर्ज थी, लेकिन पटवारी ने रिक्त स्थान दर्शा दिया। उमेश और निलेश ने उनका पुराना कुआं जो खसरा नंबर 649/2 में था उसे 649/1 में दर्ज करा दिया। गेंदलाल साहू ने कहा कि खसरा नंबर 649 रकबा 6 एकड़ 95 डिसमिल थी जो वर्तमान में 6 एकड़ 48 डिसमिल है, इस प्रकार 47 डिसमिल का अंतर है, जिसे उनके नाम पर दर्ज किया जाना चाहिए।

उन्होंने कलेक्टर से निवेदन किया कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पटवारी व संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। गेंदलाल साहू का कहना है कि 83 साल की उम्र में भी वे जनसुनवाई में इस उम्मीद के साथ आते हैं कि एक दिन उन्हें न्याय जरूर मिलेगा।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र



राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in

**विकास** खंड शाहपुर में आज मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) बैतूल की बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए और संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक में ब्लाक अध्यक्ष के पद पर नियुक्त सुनील कुमार जोठे, उपाध्यक्ष आशा कावरे, सचिव रामदास परते को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसी तरह तहसील इकाई के पदाधिकारियों में तहसील अध्यक्ष दिनेश बारस्कर, उपाध्यक्ष गीता उइके और सचिव शुभांशु गोहे को भी नियुक्ति पत्र सौंपे गए। यह नियुक्ति पत्र अजाक्स जिला अध्यक्ष दशरथ धुर्वे द्वारा प्रदान किए गए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विकास खंड शाहपुर के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के पहचान पत्र शीघ्र ही संगठन द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही शाहपुर ब्लाक मुख्यालय पर अजाक्स संगठन का कार्यालय अतिशीघ्र खोला जाएगा, ताकि संगठनात्मक कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें। बैठक में सदस्यता अभियान शुरू करने के भी निर्देश दिए गए।

अजाक्स संगठन ने स्पष्ट किया कि प्रांतीय अध्यक्ष जे.एन. कंसोटिया आईएएस, संभागीय अध्यक्ष श्री अनिल कापसे और जिला अध्यक्ष दशरथ धुर्वे के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए संगठन समर्पित भाव से कार्य करेगा।

बैठक में जिला प्रतिनिधि धनराज परते, प्रकाश कापसे, ज्ञानदेव झरबड़े, तुलसीराम धुर्वे और बिशनलाल उइके सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी गई और विश्वास व्यक्त किया गया कि वे संगठन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# आदिवासी मंगल भवन में सिकल सेल के प्रति किया जागरूक



राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in

**जिले** में सिकल सेल रोग से पीड़ित लोगों और उनके परिवारों को मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल लाइन पुलिस ग्राउंड के सामने स्थित आदिवासी सामुदायिक मंगल भवन में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, रोगी और उनके परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान नास्को नेशनल एलायंस ऑफ सिकल सेल ऑर्गनाइजेशन के सचिव गौतम डोंगरे, सदस्य निशांत वासे, पंकज सावंत तथा भोपाल समन्वयक अनूप विनोदिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने उपस्थितजनों को सिकल सेल रोग के लक्षण, कारण और प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि यह एक अनुवांशिक रोग है, जिसका समय पर परीक्षण और उपचार अत्यंत आवश्यक है।

नास्को सचिव गौतम डोंगरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि सिकल सेल रोग जागरूकता की कमी के कारण ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में तेजी से फैल रहा है। यदि समय पर पहचान कर ली जाए तो मरीज बेहतर जीवन जी सकते हैं। निशांत वासे और पंकज सावंत ने रोग से बचाव, खानपान में सावधानियाँ तथा उपचार के आधुनिक विकल्पों पर प्रकाश डाला। भोपाल समन्वयक अनूप विनोदिया ने बताया कि नास्को लगातार समाज में सिकल सेल रोग के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि विवाह से पहले अनिवार्य रूप से सिकल सेल की जाँच कराएं, जिससे आने वाली पीढ़ी को इस बीमारी से बचाया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और विशेषज्ञों से सवाल-जवाब कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# बासपानी में नलजल योजना की पाईपलाइन कर दी क्षतिग्रस्त



### ग्राम पंचायत सचिव, नल जल योजना ऑपरेटर ने की शिकायत

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in

**ग्राम** पंचायत बासपानी में नलजल योजना के तहत बिछाई जा रही पाईप लाइन को तोड़कर क्षति पहुंचाने का मामला पाढर चौकी पहुंच गया है। ग्राम पंचायत बासपानी के सचिव एवं नलजल योजना के ऑपरेटर ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि ग्राम बासपानी से दौड़ी मट्ठा तक नलजल योजना का कार्य सरपंच के निर्देशन में प्रगति पर है। लेकिन ग्राम के उपसरपंच मनीराम यादव एवं अन्य ग्रामीण रामपाल भलावी, सुभाष कोचड़े, मधु विश्वकर्मा, बलराम पाल, धरमदास यादव और प्रशांत जावलकर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि उपसरपंच मनीराम यादव ने मधु विश्वकर्मा और सुभाष विश्वकर्मा से कहा कि पाईपलाइन फोड़ दो। मनीराम यादव के कहने पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पाईपलाइन तोड़कर क्षति पहुंचाई गई है। इस घटना के कारण नलजल योजना का काम प्रभावित हुआ है और सरपंच को भी मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया है।



# तीन दिन उपतहसील खुलने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल किसानों ने मनाया जश्न

राष्ट्रबाण बैतूल | संवाददाता rashtrabaan.in

**बोरदेही** में सप्ताह में तीन दिन उपतहसील न्यायालय खुलने के प्रशासनिक निर्णय के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। किसान संघर्ष समिति ने इस बड़ी उपलब्धि पर क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को बधाई दी है। समिति का कहना है कि यह जीत किसानों की एकजुटता और संघर्ष का नतीजा है।

किसान संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष जगदीश दोड़के, उपाध्यक्ष लक्ष्मण बोरबन, तहसील अध्यक्ष कृपाल सिंह सिसोदिया, सचिव भागवत परिहार, कृष्णा ठाकरे और गुलाब देशमुख ने आमला तहसील अध्यक्ष दिनेश यदुवंशी एवं क्षेत्र के सभी किसानों और ग्रामीणों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि बोरदेही में सप्ताह के तीन दिन उपतहसील न्यायालय खुला रखने का निर्णय किसान संघर्ष समिति के बैनर तले चलाए गए लंबे संघर्ष का परिणाम है।

समिति पदाधिकारियों ने कहा कि इस निर्णय से बोरदेही क्षेत्र की 23 पंचायतों के हजारों किसानों और ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। अब उन्हें खसरा-खतौनी, नामांतरण, बंटवारा और अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के लिए 35 किलोमीटर दूर आमला तहसील नहीं जाना पड़ेगा।

इस अवसर पर समाजसेवी बोरदेही श्री गुरमीत सिंह सलूजा, नरेंद्र चंचड, नवीन सूर्यवंशी, आनंद वाईकर, अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश यदुवंशी, सूरज लाल यदुवंशी, लेखराम यादव, शिक्षक पवन यदुवंशी, शिक्षक भगवत सिंह रघुवंशी, चंचल सोनी, मोनू सोनी और नवनीत सोनी ने भी किसानों और ग्रामीणों को बधाई दी और इसे क्षेत्र की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

## प्रधानमंत्री मोदी का 75 वा जन्मदिवस सारनी मंडल ने सेवा पखवाड़ा के रुप में मनाया

# प्रधानमंत्री मोदी जन्मदिवस पर शुरु हुआ सेवा पखवाड़ा

राष्ट्रबाण सारणी | संवाददाता rashtrabaan.in

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिवस के अवसर पर केंद्र व राज्यस्तर पर देशभर में विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक कार्य आयोजित किए जा रहे है।

इसी तारतम्य में सारनी मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपुत एवं नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर को प्रातः शिव मंदिर पटाखेड़ा, बाबा मठारदेव तलहटी मंदिर स्थल एवं बस स्टैंड सारनी पर साफ सफाई अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर नमो उपवन एक पेड़ मां के नाम समर्पित कर प्रधानमंत्री आवास स्थल सारनी अंतर्गत निर्मित बगीचे में पौधारोपण किया।

सारनी मंडल अध्यक्ष गोलु राजपूत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में सम्मिलित आम नागरिक समेत पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए अवगत कराया कि आने वाले दिनों में भी विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम सारनी मंडल द्वारा आयोजित किए जाएंगे, जिसमे रक्तदान 20 सितम्बर एम पी ई बी हॉस्पिटल में इत्यादि कार्यक्रम रहेंगे।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधी जी पी सिंह, सुधा चंद्रा, जग्गी आहुजा, पार्षद भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की योगेश बरडे, राजेश पटैया, बंडू माकोडे, संतोष राजेश, संदीप झपाटे, बबलू नर्रे, प्रवीण सोनी, आकाश प्रधान, प्रमोद सिंह, रमेश पवार, कुबेर डोंगरे, हेमराज नागले, रूपेंद्र चौहान, विलास चौधरी, मुकेश यादव, राहुल कापसे, सुनील मोखेडे, विनय मदने, उमेश भोयरकर, अनीस परते, नौखेलाल, हरेंद्र भारती, गुमान सिंह, दिलीप झोड़, रमेश हारोडे, राजकुमार नागले, विन्नी राय, हेमंत साहू रमेश खवसे ,निशांत, प्रकाश डेहरिया, हलचल गुप्ता, मनीष खातरकर, नारायण खातरकर, दिलीप बारस्कर, राजेश पाल, मिथुन दास, अमित राजपूत, रवि हेड़ाऊ, मनीष धोटे, अमर राणा, राजू साहू मनोहर विश्वकर्मा अर्जुन यादव सहित सभी गणमान्य उपस्थित रहे

# प्रभारी मंत्री ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

**छिंदवाड़ा। राष्ट्रबाण**
17 सितम्बर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक भारतीय जनता पार्टी संपूर्ण जिले में सेवा पखवाड़े का आयोजन कर रही है। इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिवस के अवसर पर स्थानीय पोला ग्राउंड में जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य, सांसद बंटी विवेक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं राजा कमलेश शाह के आतिथ्य में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सीधा प्रसारण के माध्यम से सुना गया। प्रभारी मंत्री राकेश सिंह द्वारा कार्यक्रम के दौरान आज से संपूर्ण देश में प्रारंभ किए गए स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार का जिले में प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर का मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं छिंदवाड़ा के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, सांसद बंटी विवेक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं विधायक राजा कमलेश शाह ने द्वारा अवलोकन कर आमजन को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम के दौरान सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सैकड़ों युवा, महिलाओं द्वारा रक्तदान कराया गया। इस दौरान सेवा पखवाड़ा अभियान के जिला संयोजक धर्मेन्द्र मिगलानी, सहसंयोजक कमलेश ऊईके, जुगल यादव, कृपाशंकर सूर्यवंशी, विजेन्द्र चौहान, रक्तदान शिविर के जिला संयोजक एवं जिला उपाध्याक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा, अतुल सराठे, कुबेर सूर्यवंशी, पीयूष बत्रा, रिंकू साहू, ऋषि राउत, अजय सूर्यवंशी, गुरूप्रसाद धुर्वे, अंकित जैन ने उपस्थित होकर रक्तदान किया एवं रक्तदान में सहयोग किया।

# एफडीडीआई में सम्पन्न हुआ पहला दीक्षा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

राष्ट्रबाण छिंदवाड़ा | संवाददाता rashtrabaan.in

**प्रधानमंत्री** कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की ओर से जिले का पहला दीक्षा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज एफडीडीआई संस्थान इमलीखेड़ा छिन्दवाड़ा के सभागार में बड़े ही गरिमामयी माहौल में सम्पन्न हुआ।

समारोह में प्रदेश के मंत्री लोक निर्माण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ सांसद विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह, महापौर विक्रम अहके, शेषराव यादव , महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भारत घई, अजय सक्सेना, विजय पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, कुलगुरु राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय प्रो. आई.पी. त्रिपाठी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा, स्वशासी नियंत्रक श्री डी.सी. राव , महाविद्यालय परिवार से कार्यक्रम समन्वयक प्रो. डॉ. पी. एन. सनेसर, संयोजक श्रीमती सी. डी. राव सहित अन्य महाविद्यालयीन स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

समारोह के दौरान महाविद्यालय के 64 मेधावी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर प्रावीण्य सूची में प्राप्त स्थान के अनुसार सम्मानित किया गया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 18 सितंबर 2025

बालाघाट राष्ट्रबाण

• बैहर • बिरसा • कटंगी • तिरोड़ी • कटंगी • खैरलांजी • किरनापुर • लालबर्रा • लांजी • परसवाड़ा • वारासिवनी

# सेवा पखवाड़े में आयोजित रक्तदान शिविर में 289 यूनिट किया गया रक्तदान

## सांदीपनी विद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सेवा पखवाड़ें के शुभारंभ अवसर पर सांदीपनी विद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राष्ट्रबाण बालाघाट | डेस्क rashtrabaan.in







प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितम्बर से बालाघाट जिले में भी सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। यह पखवाड़ा 02 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जाएगा। इस सेवा पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर सांदीपनी विद्यालय बालाघाट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार थीम पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धार जिले के भैंसोला में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया।

कार्यक्रम में बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी, पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे, कलेक्टर श्री मृणाल मीना, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमेश रंगलानी, समाजसेवी डॉ. नरेंद्र भैरम, श्री सत्यनारायण अग्रवाल, श्री राकेश सेवईवार, श्री गोपाल आडवाणी, श्री योगेंद्र टेम्भरे, श्री संजय मिश्रा, रमाकांत डहाके, आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बीएम शरणागत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर, सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले, नगर पालिका के पार्षद, गणमान्य नागरिक, अन्य विभागो के अधिकारी एवं आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती भारती पारधी ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज सम्पूर्ण देश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मना रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने जन्मदिन को जनता की भलाई के लिए समर्पित कर 17 सितम्बर से सेवा पखवाड़ा मनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस बार सेवा पखवाड़े की थीम स्वस्थ नारी सशक्त परिवार रखा गया है और महिला के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस पहल से हम सभी को प्रेरणा लेना चाहिए और अपने जन्मदिन व अन्य अवसरों पर जनसेवा के कार्य करना चाहिए। सेवा पखवाड़े के आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना और स्वदेशी को प्रोत्साहन देना है।

सांसद श्रीमती पारधी ने कहा कि 02 अक्टूबर को सेवा पखवाड़े का समापन कार्यक्रम होगा। इस पखवाड़े से प्रेरणा लेकर हम सभी अपने क्षेत्रों के बुनकर, कारीगर, शिल्पियों एवं कलाकारों द्वारा निर्मित सामग्री ही खरीदे। इससे स्वदेशी वस्तुओं को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय कारीगरों व कलाकारों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। सांसद श्रीमती पारधी ने इस अवसर पर बताया कि बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसमें 08 से 10 पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है। इससे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा और अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के लिए एक मंच मिलेगा। उन्होंने खिलाड़ियों एवं उनकी टीमों से इस महोत्सव में शामिल होने के लिए शीघ्रता से अपना पंजीयन कराने कहा।

पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े का शुभारंभ कर जनसेवा के लिए एक नई राह दिखाई है। इस पखवाड़े के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ प्रत्येक गांव स्तर पर स्वच्छता, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, पोषण, स्वास्थ्य शिविर, पौधारोपण, स्वदेशी वस्तुओ को प्रोत्साहन जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। निश्चित रूप से इस आयोजन का लाभ जरूरतमंद लोगो को मिलेगा।

कार्यक्रम में क्षय रोगियों को पोषण आहार के लिए मॉयल की ओर से फूड बास्केट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में क्षय रोग के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्य करने वाली छात्रा वेदिका चक्रवर्ती को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया, जिसमें महिला एवं छात्राओं की जांच की गई तथा दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में क्षय रोगियों का पता लगाने के लिए पोर्टेबल एक्स-रे मशीन भी रखी गई थी। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार पर प्रदर्शनी लगायी गई थी। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा स्वास्थ्य शिविर एवं पोषण प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया। इस शिविर में जिले के हितग्राहियों के आधार कार्ड अपडेशन, आयुष्मान कार्ड निर्माण, सिकल सेल परीक्षण व अन्य स्वास्थ्य परीक्षण कराए गए। इस दौरान 14 के आधार कार्ड अपडेशन, 22 के आयुष्मान कार्ड, 380 की एनसीडी स्क्रीनिंग, इको स्क्रीन 125, सिकल सेल स्क्रीनिंग 789, टीबी एक्सरे-27, कुष्ठ जांच 77, सर्जरी 37, खाद्य विभाग परामर्श 285, दंत रोग 49, हड्डी रोग जांच 63, नाक कान गला 37, उमंग परामर्श 252, एचआईव्ही, आरटीआई, एसटीआई 70 की जांच की गई। इसके साथ ही मलेरिया जांच 24, दवा वितरण 345 एवं 50 मरीजों की नेत्र रोग जांच कराई गई। ह्दय रोग की 125 इको जांच की गई जिसमें 12 महिलाओ क़ो सर्जरी के लिए चयन किया गया तथा 10 बच्चों का सर्जरी के लिए चयन किया गया है।

# केला, सब्जियों की खेती एवं मत्स्य पालन कर घनश्याम ने किसानों को दिखाई नई राह

## समन्वित एवं व्यवसायिक खेती के लिए मिसाल बन रहे हैं कृषक घनश्याम

राष्ट्रबाण बालाघाट | डेस्क rashtrabaan.in



बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बड़ागवं-म के युवा किसान घनश्याम पारधी ने परंपरागत धान की खेती से हट कर समन्वित एवं व्यवसायिक खेती कर जिले के किसानों को नई राह दिखाई है और वे किसानों के लिए एक नई मिसाल बन रहे हैं। उन्होंने अपने जज्बे एवं परिश्रम से साबित कर दिखाया है कि खेती को एक व्यवसाय की तरह अपनाया जाये तो वह भी मुनाफा देती है।जिले के अन्यकिसान घनश्याम से प्रेरणा लेकर अच्छा खासा लाभ कमा सकते हैं और खेती को लाभ का धंधा बना सकते हैं। लांजी विकासखंड के अंतर्गत बड़गांव म के कृषक श्री घनश्याम पारधी द्वारा 2.5 एकड़ मे टिशु कल्चर केला त्र-9 किस्म की खेती की जा रही है । जिसमें उनके द्वारा अंतर्गतवर्तिय फसल में फूलगोभी के 40 हजार पौधे लगाए गए है। इसके साथ ही 2.5 एकड़ में ककड़ी-खीरा, 01 एकड़ में करेला, 01 एकड़ में बैगन और आधा एकड़ में भिंडी की फसल लगाई गई है । घनश्याम ने उद्यान विभाग की केला टिसु कल्चर योजना के अंतर्गत 01 हेक्टेयर खेत में केले के पौधों का रोपण किया है और इसके लिए कृषि विभाग से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई प्रणाली भी लगाई है। घनश्याम ने वर्ष 2024-25 में पहली बार एक एकड़ में प्रयोग के तौर पर बैगन की फसल लगाई थी। जिसमे उन्हें लगभग 03 लाख रुपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ था। इससे उत्साहित होकर उनके द्वारा इस वर्ष लगभग 8 एकड़ मे उद्यानिकी फसलें लगाई गई हैं। उद्यान विभाग के मार्गदर्शन एवं सलाह पर घनश्याम के खेत में लगी केले के फसल से उसे प्रथम वर्ष में 42 हजार रुपये एवं द्वितीय वर्ष में 28 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त होगा। केले की फसल लगाने में घनश्याम को 01 हेक्टेयर में लगभग 2.00 लाख रुपए खर्च करना पड़ रहा है। इससे उसे लगभग 06 लाख रुपये की आय होगी,जिसमें 04 लाख रुपये की शुद्ध आय होगी। कृषक घनश्याम ने केले एवं सब्जि यों की खेती के साथ ही इस वर्ष एक एकड़ क्षेत्र में रागी की फसल लगाई है। उनके द्वारा मछली पालन के लिए एक एकड़ क्षेत्र का तालाब भी बनाया गया है,जिसमें मछली पालन किया जा रहा है। कृषि विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्री खुदीराम सनोड़िया एवं उद्यान विकास अधिकारी श्री नीलेश सुलाखे द्वारा घनश्याम के खेतों का नियमित रूप से निरीक्षण कर उन्हें तकनीकी सलाह के साथ समन्वित कीट प्रबंधन की जानकारी भी दी जा रही है। कृषक धनश्याम पारधी अन्य किसानों को संदेश दे रहे हैं कि वे केवल धान की खेती पर निर्भर न रहें बल्कि मिश्रित खेती करें। इससे उन्हें अच्छा-खासा लाभ होगा।

# एसएसपी महाविद्यालय में आयोजित हुआ सेवा पखवाड़ा

राष्ट्रबाण बालाघाट | डेस्क rashtrabaan.in



शासन के निर्देशो के परिपालन में 17 सितम्बर को शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत स्वच्छता संबंधित व्याख्यान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं श्री कृष्णा पराते कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो. के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गेड़ाम ने सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत स्वच्छता रेली प्रदर्शन, नुक्कड़ नाटक, श्रमदान तथा अन्य जागरूकता कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हमे 15 दिवसों में समस्त गतिविधियों के साथ-साथ स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाने का कार्य करना है। कार्यक्रम अधिकारी श्री कृष्णा पराते द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम को सेवा पखवाड़ा अभियान के रूप में मनाया जाना है। जिसमें समस्त गतिविधिया गोद ग्राम सिंकन्दरा तथा महाविद्यालय परिसर में आयोजित कि जाएगी। जिसमें स्वच्छता रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, वाल पेन्टींग, संस्था स्वच्छता परिसर अभियान, पौधारोपण कार्यक्रम, किसानों के साथ चर्चा, सामाजिक कुरितियों पर जागरूकता व्याख्यान, उर्जा संरक्षण पर संवाद, रक्तदान एवं रक्त परिक्षण शिविर, एचआईवी एड्स, सिकल सेल एनिमिया षिविर, स्वस्थ नारी शस्कत परिवार अभियान में समस्त स्वयं सेवको की सहभागीता एवं सत्य एवं अहिंसा की शपथ तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

# सामुदायिक भवन हट्टा में विकास दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

राष्ट्रबाण बालाघाट | डेस्क rashtrabaan.in

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में तथा पर्यावरण संरक्षण महिला मंडल हट्टा के स्थानीय सहयोग से 17 सितम्बर को हट्टा के सामुदायिक भवन में विकास दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विकास दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत, जन अभियान परिषद,पुलिस विभाग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हट्टा, आजीविका मिशन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता का सहयोग रहा। इस अवसर पर पूरे ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाकर तालाबो की साफ सफाई एवं ग्राम के जल स्त्रोतों की सफाई के साथ ही ग्राम पंचायत हट्टा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणजनों के साथ अन्य विभागो के अधिकारी कर्मचारी, पर्यावरण संरक्षण महिला मंडल हट्टा के सदस्यों का भी योगदान रहा। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बालाघाट अध्यक्ष फूलचंद सहारे, जनपद सदस्य रंजना वैध, ब्लाक समन्वय रिद्धेश्वरी नागपुरे, ग्राम पंचायत सरपंच उमेश सोनेकर, शीला पटले, उपसरपंच वीरेंद्र बिसेन व स्वच्छता कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# खैरलांजी महाविद्यालय में मनाया गया सेवा पखवाड़ा

## गोद ग्राम किन्ही में स्वच्छता रैली तथा शैक्षणिक संस्थाओं में स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन

राष्ट्रबाण बालाघाट | डेस्क rashtrabaan.in



शासन के निर्देशों के अनुरूप 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खरलांजी में 17 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान गोद ग्राम किन्ही में स्वच्छता रैली तथा शैक्षणिक संस्थाओं में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस कैडेट्स एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी और समस्त स्टाफ के साथ महाविद्यालय स्थल से रैली निकाल कर स्वच्छता से संबंधित नारों की गूंज के साथ की गई। छात्र-छात्राओं ने घर-घर पहुंच कर स्वच्छता से संबंधित जागरूकता के संदेश ग्रामवासियों को दिया तथा समस्त विद्यार्थियों ने श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान की पुनीत शुरुआत की। रैली का समापन गोद ग्राम किन्ही के परिभ्रमण के पश्चात गांधी चौक ग्राम पंचायत भवन किन्ही के प्रांगण में संपन्न किया गया। सेवा पखवाड़े की गतिविधियॉ राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्री रोहित कुमार पांडेय के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य श्री केएल हिवारे के निर्देशन मे की गई। कार्यक्रम मे महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

## इंदौर में आयोजित प्रतियोगिता में विजय करेंगे जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व

# 69वीं राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में जिले से 05 खिलाड़ियों का चयन

राष्ट्रबाण बालाघाट | डेस्क rashtrabaan.in



सब जूनियर बालक बालिका वर्ग की 69वीं राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 19 सितंबर 2025 के मध्य इंदौर के बाल विनय विद्या मंदिर विद्यालय के हाल में किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के 10 संभागों के 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया है, जिसमें बालाघाट जिले के बालिका वर्ग में 04 खिलाड़ी अवनी सोनी, रुचि कोल्ते, शौर्या पांडे, अवनी सोनी एवं बालक वर्ग में 01 विजय पोमेश बोरीकर ने संभाग जबलपुर का प्रतिनिधित्व किया है। प्रतियोगिता में प्रथम दिवस बालक वर्ग में 60 प्लस किलोग्राम वर्ग में विजय बोरीकर ने रीवा, ग्वालियर, शहडोल एवं इंदौर के खिलाड़ियों को पराजित कर आगामी भविष्य में होने वाली राष्ट्रीय शालेय कराते खेल प्रतियोगिता के लिए 60 किलोग्राम वजन में अपनी जगह बनाई है। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त किऐ खिलाड़ियों को पुलिस अधिकारी श्री शुभम ठक्करे, मध्य प्रदेश कराते एसोसिएशन के सचिव श्री विनय यादव ने बधाई दी। इस अवसर पर जिला खेल और युवक कल्याण अधिकारी बालाघाट श्री अभिषेक चौधरी द्वारा विजय बोरीकर को आगामी शालेय राष्ट्रीय स्तर में भी गोल्ड मेडल लाने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी एवं विभागीय कराते जिला खेल प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन को भी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष श्री नरेश धुवारे उपस्थित रहें।

**बहुउद्देशीय प्रा. कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खैरलांजी प. क्र. 662**

**// वार्षिक आमसभा की सूचना //**

**कटंगी।** बहुउद्देशीय प्रा.कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खैरलांजी प. क्र.662 के समस्त अंशधारियों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आम सभा का आयोजन दिन्नाक 20/9/2025 दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे से स्थान ग्राम पंचायत भवन खैरलांजी में आयोजित की जाएगी। अत: समस्त अंशधारी सदस्यों से सविनय निवेदन है कि उक्त सभा में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाये।

नोट - यदि निश्चित समय पर साधारण सभा के लिए गणपूर्ति नहीं होती तो सहकारी समिति नियम 1962 की धारा 37/3 के प्रावधान अनुसार ठीक आधा घंटा बाद उसी स्थान एवं दिनांक पर पूर्व निर्धारित विषयों पर ही साधारण सभा की कार्यवाही प्रारंभ होगी ।जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।
**अत: आपसे निवेदन है कि निश्चित स्थान एवं समय पर उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।**

**// विषय सूची //**

1. आगामी वर्ष का वार्षिक प्रतिवेदन एवं अंकेक्षित वित्तीय पत्रक, लेनदेन पत्रक ,लाभ हानि पत्रक का अनुमोदन किया जाना।
2. संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन यदि वह कराया जाना अपेक्षित हो गया है।
3. आगामी वर्ष के लिए अनुमानित आय व्यय (बजट) की स्वीकृति प्रदान करने बाबद।
4. आगामी वर्ष के लिए कार्य व्यवसाय के वार्षिक कार्यक्रम की स्वीकृति प्रदान करने बाबद।
5. वित्तीय वर्ष में शुद्ध लाभ के विनियोजन का अनुमोदन करने बाबद।
6. आगामी वर्ष के लेखाओ की वैधानिक संपरीक्षा करने के लिए संविधिक अंकेक्षण की नियुक्ति करने हेतु।
7. किसी अन्य विषय पर जो उपविधियों के अनुसार लाया जावे, विचार करने के लिए।

**नोट - विषय से संबंधित कोई सुझाव हो तो कृपया तीन दिवस पूर्व लिखित सूचना देंवे।**

-: भवदीय :-

**सी.एल.पटले**
**संस्था प्रबंधक**

**दिनेश सलामे**
**प्रशासक**

कर्मचारीगण : जी.एस. क्षीरसागर (लेखपाल), आर.के. राउत (लिपिक), डी.के.गौतम (कंप्यूटर ऑपरेटर), सी.एल.क्षीरसागर (विक्रेता) कुमारी खुशबू पटले (सा. ऑपरेटर)

राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 18 सितंबर 2025

# सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

# भीमगढ़ डैम के गेट खोले, बैनगंगा नदी में अलर्ट

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

**जिले** में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदियां और जलाशय उफान पर हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संजय सरोवर परियोजना भीमगढ़ डैम के चार गेट खोल दिए गए हैं। इसके बाद निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है और प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है।

डैम गेट खोलने का कारण यह है कि लगातार हो रही वर्षा के चलते भीमगढ़ डैम का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुँच गया था। जल संसाधन विभाग ने दबाव कम करने और डैम की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 17 सितंबर 2025 को दोपहर 2:00 बजे गेट खोलने का निर्णय लिया।



### प्रशासन के द्वारा अपील है कि

नदी किनारे बसे गांवों के लोग सतर्क रहें।
पुलों और नदी के पास अनावश्यक न जाएं।
निचले इलाकों के लोग सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।
किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन और पुलिस से तुरंत संपर्क करें।
साथ ही निष्कर्ष यह है कि सिवनी और आसपास के जिलों में भारी बारिश के चलते हालात गंभीर बने हुए हैं। भीमगढ़ डैम से पानी छोड़े जाने के बाद बैनगंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

### कितने गेट खुले और कितना पानी छोड़ा गया?

कार्यपालन यंत्री, तिलवारा बाँध तट नहर संभाग, केवलारी द्वारा जारी पत्र क्रमांक 1562/बाँध/2025 में दी गई जानकारी के अनुसार गेट संख्या 4, 5, 6 और 7 को 1.50–1.60 मीटर तक खोला गया जिसमें पानी छोड़ने की प्रक्रिया दोपहर के 3:00 बजे शुरू की गई। जिसमें लगभग 2100 क्यूसेक (59.5 क्यूमेक्स) की दर से बैनगंगा नदी में पानी को छोड़ा जा रहा है।

### प्रभावित अन्य जिले और प्रशासनिक की तैयारी

डैम से छोड़े गए पानी से केवल सिवनी ही नहीं, बल्कि जिला बालाघाट गोंदिया और भंडारा (महाराष्ट्र) के जिलों में भी बैनगंगा नदी का जलस्तर बढ़ सकता है। इस कारण चारों जिलों के कलेक्टरों को सूचना दे दी गई है। साथ ही, जल संसाधन, राजस्व और पुलिस विभागों को भी सतर्क रहने और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

## ग्रामीणों को विरोध पर भी नहीं हुई कोई कार्यवाही

# कभी समय पर स्कूल नहीं आते मास्टरजी

### प्राथमिक शाला में बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

मंडला| संवाददाता
rashtrabaan.in

निवास विधानसभा विकासखंड मोहगांव के अंतर्गत आने वाली जनपद प्राथमिक शाला सूडगांव में शिक्षक माहूलाल भारतीय शाला में टाइम से नहीं आता है, और कभी टाइम से पहले चले जाता है, तो कभी स्कूल आते ही नहीं जिसकी शिकायत अनेकों बार विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहगांव तथा शासन प्रशासन की जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी से निवेदन किया गया था, जिसका आज तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

जबकि विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने इस और ध्यान न देते हुए, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामवासी बताते हैं कि प्राथमिक शिक्षक माहूलाल भारतीय आए दिन स्कूल आने जाने का कोई टाइम नहीं है, और भी उनकी आदतें हैं जो बताया नहीं जा सकता। परंतु ग्राम वासियों के अनेक बार शिकायतों के बाद शिक्षा विभाग मोहगांव एवं जिला प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं किया।

ग्राम वासियों का कहना है कि जैसा मोहनिया पटपरा में चक्का जाम किया गया था, अपने हक के लिए तो क्यों ना हम सूडगांव के ग्रामवासी अपने बच्चों के भविष्य के लिए सड़कों पर उतरेंगे। तभी शिक्षा विभाग एवं शासन प्रशासन की नींद जागेगी।

ग्राम पंचायत सूडगांव ने पालक शिक्षक संघ ने महूलाल भारतीय को यहां से हटाने का प्रस्ताव रखा है।

आज जनसुनवाई के माध्यम से ग्राम पंचायत सुडगांव की ग्रामवासी एवं पंचों के द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय को आवेदन दिया गया, इसमें बताया गया है कि शिक्षक महूलाल भारतीय के द्वारा स्कूल में कोई भी अध्ययन कार्य नहीं कराया जा रहा है और शिक्षा विभाग द्वारा उनका वेतन पूर्ण रूप से दिया जा रहा है, ग्राम वासियों का कहना है कि यह सब शिक्षा विभाग मोहगांव के मिली भगत से हो रहा है। जबकि विकासखंड मोहगांव शिक्षा विभाग में अतिशेष शिक्षकों की भरमार है।

जब ग्राम वासियों द्वारा सहायक आयुक्त जनजाति का विभाग मंडला में भी आवेदन दिया, तो पता चला कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहगांव छुट्टी पर हैं, और उनकी जगह में कोई भी प्रभार में नहीं है जिसको लेकर ग्राम वासियों ने प्रभारी सहायक आयुक्त विष्णु सिंगौर को आवेदन दिया जिसके द्वारा प्रभारी सहायक आयुक्त विष्णु सिंगौर एक सप्ताह के अंदर निराकरण करने का भरोसा दिया है।





### अफसरशाही हावी

यही सोचने वाली बात है कि जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुट्टी पर हैं तो उनकी जगह पर प्रभाव अन्य शिक्षक को क्यों नहीं दिया गया, क्या विकासखंड मोहगांव में कोई सीनियर शिक्षक नहीं हैं? क्या जब तक विकासखंड शिक्षा अधिकारी छुट्टी पर रहेंगे तब तक बिना जिम्मेदार अधिकारी के चलता रहेगा यह सोच से परे है। अफसर शाही पर नेता शाही हावी है ऐसा कहना है समस्त ग्राम वासियों का ।

**इनका कहना है**

अभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहगांव छुट्टी पर है और ना किसी को प्रभार दिया गया है जिससे आपकी समस्या का हल नहीं किया जा सकता है, जब वह छुट्टी से वापस आएंगे तो समस्या का हल कर दिया जाएगा।
– **विष्णु सिंगौर**, प्रभारी सहायक आयुक्त मंडला



सिवनी। राष्ट्रबाण
विधानसभा सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों मे शामिल हुए। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर विधायक ने कंडीपार स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज मे आयोजित रक्तदान शिविर मे जिले के प्रभारी मंत्री करणसिंह वर्मा के साथ सहभागिता किया।

# सेवा पखवाड़े का जिले में हुआ शुभारंभ

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

**प्रदेश** शासन के राजस्व मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा के मुख्य आतिथ्य में आज जिले में सेवा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज सिवनी में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर गणमान्‍ य नागरिकों, मेडिकल कॉलेज, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियो एवं स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों द्वारा 148 यूनिट उत्साह पूर्वक रक्तदान किया गया जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदाई सिद्ध होगा इस अवसर पर दानदाताओं का ई-रक्तकोष पोर्टल पर पंजीयन भी किया गया।

प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने रक्तदान करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करते हुए उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम में विधायक दिनेश राय, विधायक कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष वैभव पंवार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पूर्व सांसद डॉ. ढाल सिंह बिसेन, पूर्व विधायकगण राकेश पाल एवं नरेश दिवाकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले के नवाचार 'आयुषी अभियान' का हुआ शुभारंभ

**जिले** के नवाचार आयुषी अभियान का शुभारंभ प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। यह अभियान किशोरी बालिकाओं के उत्तम स्वास्थ्य को समर्पित है। इसके अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा जनजातीय कार्य विभाग के संयुक्त प्रयास से 17 सितम्‍ बर से 4 अक्‍ टूबर तक जिले के 224 शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं में अध्‍ ययनरत छात्राओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में छात्राओं की प्राथमिक जांच के साथ ही उन्‍ हें पोषण, व्‍ यक्तिगत स्‍ वच्‍ छता सहित अन्‍ य विषयों पर उचित परामर्श दिया जायेगा। इसके अतिरिक्‍ त बालिकाओं के अधिकारों तथा कानूनी प्रावधानों के संबंध में विषय विशेषज्ञों द्वारा जागरूकता सत्र के माध्‍ यम से जानकारी दी जायेगी।

# मृतक जीवन उर्फ सतीश बघेल के हत्यारे सलाखों के पीछे

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

**दिन** प्रतिदिन बढ़ रहा अपराध को देखते हुए सिवनी पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के नेतृत्व के साथ एएसपी दीपक मिश्रा एवं सीएसपी पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में ग्राम सिमरिया निवासी जीवन उर्फ सतीश बघेल की हत्या की घटना को अंजाम देने वाले सभी 7 आरोपियों को कोतवाली पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर हवालात की सलाखों के पीछे जिला जेल पहुंचा दिया है।

### वारदात की कहानी

मामला दिनांक 13 सितंबर की रात्रि करीबन 09 बजे का है जब ग्राम सिमरिया के निवासी विक्की उर्फ विक्रम बघेल द्वारा अपने मित्र सुभाष बघेल, अंकित बघेल, अमन बघेल, पंकज बघेल, दीनू उर्फ दिनेश निर्मलकर एवं अंकुश राय के साथ मिलकर जीवन उर्फ सतीश बघेल को पुरानी रंजीश के चलते मृतक के ग्राम सिमरिया स्थित निवास में अंदर घुसकर जीवन बघेल को हाथ मुक्के एवं डंडो से पैर, पीठ एवं शरीर के अन्य हिस्सों में बहुत बेरहमी से मारपीट कर अधमरा कर दिया एवं बेहोसी की अवस्था में छोड़कर घर के बाहर की शटर में ताला जड़ कर सभी अपने घर चले गए। फिर जैसे ही जीवन के परिजनों को घटना की जानकारी लगी। फिर ताला तोड़कर जीवन बघेल को ईलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां ईलाज के दौरान ही 14 सितंबर को प्रातः जीवन की मृत्यु हो गई जिस पर थाना कोतवाली सिवनी में विक्की उर्फ विक्रम बघेल एवं उनके मित्रो के विरुध्द अपराध पंजीबध्द किया गया एवं घटना में शामिल सभी आरोपियों की धरपकड़ कर गिरफ्तार करके न्यायालय में प्रस्तुत किया गया फिर न्यायालय के द्वारा उनको सलाखों के पीछे जेल भेजा गया।



### विशेष भूमिका

थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर, उनि दयाराम शरणागत, देवेन्द्र उइके, राहुल काकोडिया, सउनि दिनेश रघुवंशी, प्र.आर. योगेश राजपूत, शेखर बघेल, बिनेश बघेल आर. अमित, अजेन्द्र, प्रतीक, सिध्दार्थ, सुधीर, रविन्द्र, अंकित, मिथलेश, पंकज, जितेन्द्र, सतीश, लक्ष्मीप्रसाद, योगेश, म.आर. दीपाली, निशा, कीर्ती, मिथलेश्वरी आर. चालक इरफान एवं चीता स्टाफ की विशेष भूमिका रहीं।

### गिरफ्तार आरोपी

- सुभाष बघेल पिता बबलू बघेल (19) निवासी ग्राम कुदवारी थाना बंडोल सिवनी।
- अंकित बघेल पिता रामकुमार बघेल (19) निवासी ग्राम पुसेरा थाना लखनवाड़ा सिवनी।
- विक्की उर्फ विक्रम सिंह बघेल पिता राजकिशोर बघेल (35) निवासी ग्राम सिमरिया सिवनी।
- अमन बघेल पिता रामकिशोर बघेल (22) निवासी ग्राम गंगई थाना लखनवाड़ा सिवनी।
- पंकज बघेल पिता स्व. मुकेश बघेल (22) निवासी ग्राम लोनिया थाना कोतवाली सिवनी।
- दीपू उर्फ दिनेश निर्मलकर पिता सालिकराम निर्मलकर (30) निवासी ग्राम हिनोतिया थाना कान्हीवाड़ा सिवनी।
- अंकुश राय पिता रवीन्द्र राय (24) निवासी स्टेशन वार्ड केवलारी सिवनी।

# कलेक्टर सुश्री जैन ने आयुषी अभियान अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैम्प का निरीक्षण

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

**जिले** के नवाचार ÷आयुषी अभियान÷ के अंतर्गत एमएलबी विद्यालय सिवनी में आयोजित स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैम्प का कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षण कैम्प की गतिविधियों का अवलोकन किया तथा छात्राओं से चर्चा की।


निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे और उन्हें संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं नियमित व्यायाम को जीवनशैली में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर छात्राओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाते हैं।

उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत आयोजित पॉक्सो एक्ट, सायबर सुरक्षा तथा बाल विवाह से दुष्प्रभाव संबंधी जागरूकता सत्र के विषय विशेषज्ञों से भी चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि छात्राओं को सामान्य भाषा में जानकारी दी जाए तथा उनकी शंकाओं का समाधान धैर्यपूर्वक किया जाए।

कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि इन जागरूकता सत्रों से छात्राओं को न केवल स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिलेगा, बल्कि वे सामाजिक कुरीतियों और अपराधों से बचाव के बारे में भी सजग होंगी। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

### सेवा पखवाड़ा में जिले भर में विशेष सफाई और एक पेड़ माँ के नाम अभियान का आयोजन

**सिवनी।** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जिले के सभी नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान 卐एक पेड़ माँ के नाम卐 अभियान के माध्यम से पेड़ों के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433